उज्जैन
सोमवार
27
जुलाई, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-264
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651


# दैनिक ब्रह्मास्त्र


3 गुड़ खिलाते वक्त हमला किया, हाथी ने सूंड से उठाकर पटका, पैर से कुचला

7 चानू ने दिलाया भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स का पहला गोल्ड


### देश के कई हिस्सों में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से जनजीवन अस्त-व्यस्त, हिमाचल में बादल फटा, असम की बाढ़ में 66 की मौत

# देशभर में अगले दो-तीन दिन में भारी बारिश का अलर्ट

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

देश के कई हिस्सों में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले में बादल फटा है, जिससे एक पुल और सड़क बह गई तथा कई गांवों का संपर्क कट गया है। असम में बाढ़ से अब तक 68 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, गुजरात और दादरा व नगर हवेली में भारी बारिश से हाहाकार मचा हुआ है। सेना को कमान संभालनी पड़ी है, जिसने बाढ़ प्रभावित इलाकों से 790 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला है। मौसम विभाग ने अगले दो-तीन दिनों तक उत्तर-पश्चिम से लेकर पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में घनघोर बारिश का अलर्ट जारी किया है।



## मध्यप्रदेश-राजस्थान में आज से फिर तेज बारिश

### यूपी में 4 नदियां खतरे के निशान से ऊपर, हिमाचल में 27 दिन में 15 मौतें, 135 सड़कें बंद

बंगाल की खाड़ी और उससे सटे उत्तर ओडिशा-पश्चिम बंगाल तटों पर बने डिप्रेशन सिस्टम से कई राज्यों में मानसून फिर से एक्टिव हो गया है। मध्य प्रदेश और राजस्थान में आज से असर दिखेगा। मौसम विभाग ने राजस्थान के भरतपुर, जयपुर, कोटा, अजमेर और उदयपुर संभाग के 10 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

मप्र में 27 से 30 जुलाई के बीच भारी बारिश की संभावना है। सोमवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन, रीवा सहित 55 जिलों में भारी बारिश का दौर रहेगा। इस मानसून सीजन राज्य में अब तक 13.2 इंच (334.9 मिमी) बारिश हुई है, जबकि इस समय तक 15.5 इंच (395.2 मिमी) बारिश होनी चाहिए थी। यानी अब तक 15% कम बारिश दर्ज की गई है।

मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। लखीमपुर और बहराइच में बहुत भारी बारिश की चेतावनी है। सुबह से लखनऊ, कानपुर और अयोध्या समेत 40 से ज्यादा शहरों में बादल छाए हैं। घाघरा, शारदा समेत 4 नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। बलिया में सरयू नदी में एक सरकारी स्कूल बह गया। खराब मौसम के चलते काठमांडू जाने वाली एक अंतरराष्ट्रीय उड़ान को भी लखनऊ डायवर्ट करना पड़ा।

हिमाचल प्रदेश में मानसून के कहर से 30 जून से 26 जुलाई के बीच 15 लोगों की मौत हो चुकी है। लगातार बारिश से राज्य में 135 सड़कें अब भी बंद हैं। कुल्लू, शिमला और मंडी सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। गुजरात और केंद्र शासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली में बाढ़ प्रभावित इलाकों से भारतीय सेना ने पिछले तीन दिनों में 790 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित निकाला है। गुजरात में 21 और 22 जुलाई को हुई मूसलाधार बारिश के बाद कई इलाके जलमग्न हो गए थे।

### पेपरलीक रोकने के लिए कठोर कानून लाएंगे : पीएम मोदी

# परीक्षा सुधार के लिए हाईपावर टास्क फोर्स बनाई

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

नीट पेपर लीक मामले में छात्रों का प्रदर्शन खत्म होने के एक दिन बाद पीएम मोदी ने परीक्षा सुधार के लिए हाईपावर टास्क फोर्स का गठन किया। टीम में छह मेंबर्स हैं। इंफोसिस को-फाउंडर नंदन नीलेकणी इसके अध्यक्ष होंगे। पीएम ने रविवार शाम 7 बजे के करीब इंस्टाग्राम पर एक वीडियो मैसेज जारी कर इसकी जानकारी दी। पिछले 4 दिनों में यह इंस्टाग्राम पर मोदी का तीसरा वीडियो मैसेज है।

पीएम ने कहा- स्टूडेंट के भविष्य के लिए सरकार लगातार कदम उठा रही है। जिन लोगों ने स्टूडेंट के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। वे जेलों में सड़ रहे हैं। हमने फास्ट ट्रैक कोर्ट बना दिए हैं। हम कल संसद में कठोर सजा के साथ प्रावधान ला रहे हैं। लेकिन हमें भविष्य के बारे में भी सोचना है। हमारी परीक्षा सिस्टम विश्वस्त हो, इसमें सबसे ज्यादा टेक्नोलॉजी का उपयोग हो। इंफोसिस को-फाउंडर नंदन नीलेकणी जी के नेतृत्व में एक हाईपावर टॉस्क फोर्स बनाने का निर्णय लिया है। जो एग्जॉनेशन रिफॉर्म की तरफ फोकस करेगा।

## लोकसभा में पेपर लीक से जुड़ा बिल आएगा



जितेंद्र सिंह पेश करेंगे 2024 में बने कानून में बदलाव होंगे, सजा-जुर्माना दोनों बढ़ेंगे

धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और छात्र आंदोलन खत्म होने के 2 दिन बाद आज संसद में पेपर लीक की रोकथाम से जुड़ा बिल पेश किया जाएगा। इस बिल का नाम 'सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026' है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह लोकसभा में बिल पेश करेंगे। इस बिल के जरिए 2024 में बने कानून में बदलाव किए जाएंगे। आरोपियों के खिलाफ कड़ी सजा और भारी जुर्माने का प्रावधान होगा। राज्य सरकारें और केंद्र शासित प्रदेश विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट बना सकेंगे। इन अदालतों में रोजाना सुनवाई होगी।

इस बिल का ऐलान पीएम मोदी ने 23 जुलाई की रात ढाई मिनट का वीडियो मैसेज जारी किया था। मोदी ने कहा था कि पेपर लीक कोई मामूली विषय नहीं है। लाखों छात्रों, उनके माता-पिता के लिए पीड़ादायक है। इसके खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे।

जून 2024 तक पेपर लीक के लिए कोई एक सेंट्रल कानून नहीं था। धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और जालसाजी जैसी धाराओं में मुकदमा दर्ज होता था। इनमें जमानत की कोई सख्त शर्तें नहीं हैं। कुछ राज्यों ने अलग से नकल-विरोधी भी कानून बनाए, मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट भी शामिल किया। उत्तर प्रदेश में कुछ मामलों में गैंगस्टर एक्ट भी लगाया गया। नीट-यूजी और यूजीसी के एग्जाम में धांधली के बाद 21 जून 2024 को केंद्र सरकार ने सार्वजानिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम लागू किया। इसमें पेपर लीक, मदद करना, गलत तरीके से डटफशीट हासिल करना, नकल करवाना, एग्जाम से जुड़ी फर्जी वेबसाइट बनाने या परीक्षक को धमकी को सजा के दायरे लाया गया। ये सभी अपराध गैर-जमानती हैं, इनमें दो कैटेगरी में सजा का प्रावधान है। पहला- पेपर लीक वगैरह करने पर 3 से 5 साल की सजा और 10 लाख तक का जुर्माना हो सकता है।

## अमरनाथ और वैष्णो देवी यात्रा फिर शुरू

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

खराब मौसम के कारण 6 दिन से स्थगित अमरनाथ और माता वैष्णो देवी यात्रा शनिवार से फिर शुरू हो गई। अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू से 6,269 श्रद्धालु कश्मीर के बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुए। फिलहाल पहलगाम मार्ग से यात्रा अस्थाई रूप से बंद है। उधर, कटरा में वैष्णो देवी यात्रा भी सुबह दोबारा शुरू हुई। 2 हजार श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन कराया।

## हमें कॉकरोच कहने के लिए सीजेआई का शुक्रिया, वरना प्रधान का इस्तीफा न होता

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पद से इस्तीफा दे दिया है। प्रधान के इस्तीफे लिए दीपके ने सीजेआई सूर्यकांत का शुक्रिया अदा किया। दीपके बोले- अगर आपने हमें कॉकरोच न कहा होता, तो युवा सड़कों पर नहीं होते। प्रधान ने इस्तीफा न दिया होता।

अभिजीत ने यह भी कहा- हम कॉकरोच हैं। एक बार घुस जाएं, तो आसानी से निकलते नहीं। अभी सिर्फ एक इस्तीफा हुआ है। कॉकरोच से पंगा मत लो। दरअसल, यह पूरी कहानी 72 दिन पहले सीजेआई सूर्यकांत की मौखिक टिप्पणी से शुरू हुई थी। 15 मई को सुप्रीम कोर्ट में उखक की बेंच एक वकील की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसी दौरान उन्होंने कहा था- कुछ बेरोजगार युवा कॉकरोच जैसे होते हैं, जो बाद में मीडिया, सोशल मीडिया या आरटीआई एक्टिविस्ट बनकर सिस्टम पर हमला करने लगते हैं।

### मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली उजागर

# विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी

### पूरे प्रदेश के साथ उज्जैन जिले में भी मानसिक रोगियों के उपचार को लेकर चुनौतियां

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मध्य प्रदेश में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति एक बार फिर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट में सामने आई है। विधानसभा के पटल पर रखी गई रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में मानसिक रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन उनके उपचार के लिए पर्याप्त विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध नहीं हैं। पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में भी मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

कैग ने अपनी रिपोर्ट में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2015-16 का हवाला देते हुए बताया है कि मध्य प्रदेश की करीब 13.9 प्रतिशत आबादी यानी लगभग 1.01 करोड़ लोग किसी न किसी मानसिक बीमारी से प्रभावित हैं। यह आंकड़ा राष्ट्रीय औसत से 10.70 प्रतिशत अधिक है। इसके बावजूद मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में अपेक्षित प्रगति नहीं हो सकी है।

### एक लाख आबादी पर सिर्फ 0.05 मनोचिकित्सक

रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में प्रति एक लाख आबादी पर केवल 0.05 मनोचिकित्सक उपलब्ध हैं, जबकि न्यूनतम आवश्यकता प्रति एक लाख आबादी पर कम से कम एक मनोचिकित्सक की मानी जाती है। विशेषज्ञ डॉक्टरों की इस भारी कमी का सीधा असर मरीजों के उपचार पर पड़ रहा है। जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में विशेषज्ञों की कमी के कारण मरीजों को समय पर उपचार और परामर्श नहीं मिल पाता।

उज्जैन जिले में भी मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता महत्वपूर्ण चुनौती बनी हुई है। बड़ी संख्या में मरीजों को उपचार के लिए सीमित विशेषज्ञ सेवाओं पर निर्भर रहना पड़ता है। गंभीर मानसिक रोगों से पीड़ित मरीजों को कई बार बेहतर उपचार के लिए बड़े चिकित्सा संस्थानों का रुख करना पड़ता है।

### बजट के उपयोग पर भी सवाल

कैग रिपोर्ट में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए उपलब्ध बजट के प्रभावी उपयोग पर भी सवाल उठाए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक ओर मानसिक रोगियों की संख्या बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए उपलब्ध संसाधनों का अपेक्षित उपयोग नहीं हो पा रहा है। ऐसे में प्रदेश के साथ उज्जैन जिले में भी मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति और उपचार सुविधाओं को मजबूत करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

## असम में पाकिस्तान आतंकी नेटवर्क के तीन गिरफ्तार



ब्रह्मास्त्र ›› असम

असम पुलिस ने पाकिस्तान स्थित शहजाद भट्टी नेटवर्क से जुड़े एक आतंकी मॉड्यूल का खुलासा किया है। पुलिस ने राज्य में तीन ऑपरेटिव को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि एसटीएफ ने शुक्रवार को धुबरी, चिरांग, बारपेटा की जिला पुलिस के साथ ऑपरेशन चलाया। तीनों जिलों से एक-एक संदिग्ध पकड़ा गया। 5 मोबाइल फोन, 7 सिम कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, डेबिट कार्ड, आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए। एसटीएफ के सीनियर एसपी प्रणब कुमार पेगू ने कहा, नेटवर्क पर भर्ती, ऑनलाइन कट्टरपंथ फैलाने, रेकी, लॉजिस्टिक्स, जासूसी, अवैध हथियार जुटाने, स्लीपर सेल बनाने, आतंकी गतिविधियों में मदद के आरोप हैं। नेटवर्क के आईएसआई के निर्देश पर एन्क्रिप्टेड चैनलों से चल रहा था।

### कल सीएम यादव करेंगे नये स्टेशन का उद्घाटन

## सोमनाथ और मालवा एक्सप्रेस अब भोपाल की जगह निशातपुरा रुकेगी

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

कल 28 जुलाई से जबलपुर-वेरावल सोमनाथ एक्सप्रेस और मालवा एक्सप्रेस अब निशातपुरा रेलवे स्टेशन पर रुकेंगी। करीब तीन साल पहले बनकर तैयार हुए निशातपुरा स्टेशन का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 28 जुलाई को शाम 4.30 बजे लोकार्पण करेंगे. इसके साथ ही यह भोपाल का चौथा रेलवे स्टेशन बन जाएगा और यहां से नियमित यात्री सेवाएं शुरू हो जाएंगी।

रेल प्रशासन के अनुसार प्रारंभिक चरण में मालवा एक्सप्रेस और सोमनाथ-जबलपुर एक्सप्रेस का नियमित ठहराव निशातपुरा रेलवे स्टेशन पर रहेगा। इसके बाद इन दोनों ट्रेनों का स्टॉपेज भोपाल रेलवे स्टेशन पर पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा।

रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि जिन लोगों ने पहले से भोपाल रेलवे स्टेशन से इन ट्रेनों में यात्रा के लिए टिकट बुक कराए हैं, वे अब निर्धारित समय पर निशातपुरा रेलवे स्टेशन पहुंचकर ही ट्रेन में सवार हों। यात्रियों को स्टेशन परिवर्तन का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई है, ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। सोमनाथ व मालवा एक्सप्रेस मध्य प्रदेश के श्रद्धालुओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण ट्रेनों में गिनी जाती है। भोपाल और आसपास के क्षेत्रों से हर सीजन हजारों श्रद्धालु इसी ट्रेन से माता वैष्णो देवी और अमरनाथ यात्रा व सोमनाथ के लिए रवाना होते हैं।

### पीएम पर आपत्तिजनक पोस्ट पर दिल्ली पुलिस का एक्शन

# पोस्ट, वीडियो और कमेंट्स हटाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को भेजे जाएंगे नोटिस

ब्रह्मास्त्र ›› तेल अवीव

जंतर-मंतर पर सीजेपी प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य नेताओं के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणियों पर दिल्ली पुलिस कार्रवाई की तैयारी कर रही है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों के मुताबिक, पुलिस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को नोटिस जारी कर सकती है। इन नोटिस के जरिए पुलिस आपत्तिजनक पोस्ट, वीडियो और कमेंट्स को हटाने की मांग करेगी। पुलिस का कहना है कि प्रदर्शन के दौरान और उसके बाद अपलोड किए गए कंटेंट की समीक्षा की जा रही है। समीक्षा के बाद अभद्र प्रकृति वाली पोस्ट को हटाने के लिए संबंधित प्लेटफॉर्म्स को नोटिस भेजे जाएंगे।




### कंटेंट की पहचान करने का काम जारी

पुलिस सूत्रों ने बताया कि अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इस तरह के कंटेंट की पहचान करने की प्रक्रिया पहले से ही चल रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या कोई कंटेंट किसी कानून का उल्लंघन करता है या उससे सार्वजनिक व्यवस्था बिगड़ने की संभावना है। दिल्ली पुलिस की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम इस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है। टीम प्रदर्शन से संबंधित आपत्तिजनक कंटेंट की पहचान करने के लिए पूरे दिन सोशल मीडिया की निगरानी कर रही है।

### व्यंग्य, डिजिटल नेटवर्क बने जेन-जी के हथियार

दिल्ली के जंतर-मंतर पर चला 36 दिन का छात्र आंदोलन सिर्फ अपनी मांगों की वजह से चर्चा में नहीं रहा। इसने विरोध प्रदर्शन का एक अलग मॉडल भी पेश किया। यहां न सिर्फ आंदोलन का तरीका बदला, बल्कि आंदोलन करने वाली पीढ़ी की सोच भी अलग दिखाई दी। व्यंग्य, आपसी सहयोग, डिजिटल नेटवर्क, चौबीसों घंटे ऑनलाइन सक्रियता व महिला सुरक्षा जैसे पहलुओं ने इसे बाकी आंदोलनों से अलग बनाया। हालांकि, आखिर के दिनों में कुछ ऐसी घटनाएं भी हुईं, जिन्होंने सवाल भी खड़े किए।

**चंदा नहीं, एप पर मदद:** इस आंदोलन में मदद का तरीका भी बदला। पारंपरिक आंदोलनों की तरह नकद चंदा या लंगर कम दिखे। देश-विदेश से लोगों ने स्विगी और जोमैटो जैसे प्लेटफॉर्म के जरिए खाना, दवाइयां और दूसरी जरूरत की चीजें सीधे प्रदर्शन स्थलों पर भेजीं। वहां बने एसओएस हेल्प डेस्क पर इनका रिकॉर्ड रखा जाता।

## 114 राफेल डील- अगस्त के दूसरे हफ्ते तक भारत जवाब को देगा फ्रांस

**नई दिल्ली।** भारत और फ्रांस के बीच 114 राफेल फाइटर जेट खरीदने के सौदे को लेकर बड़ी अपडेट सामने आई है। फ्रांस सरकार अगस्त के मध्य तक भारत के लेटर ऑफ रिक्वेस्ट का आधिकारिक जवाब सौंप सकती है। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि फ्रांस ने इस जवाब को भेजने के लिए अगस्त के मध्य तक का समय मांगा है। भारत ने इस साल मई में फ्रांस को यह लेटर ऑफ रिक्वेस्ट सौंपा था। रक्षा अधिकारियों के मुताबिक, फ्रांस का जवाब मिलने के बाद दोनों देश विमानों की कीमत और बाकी पहलुओं पर बातचीत शुरू करेंगे। यह एक बड़ा सरकारी स्तर का (जी-टू-जी) सौदा है, जिसे भारतीय वायुसेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए किया जा रहा है। इस सौदे की खास बात यह है कि इसके तहत 94 राफेल भारत में ही बनाए जाएंगे।

## पीओके में आज विधानसभा चुनाव का पहला चरण

**जम्मू।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में सोमवार को विधानसभा चुनाव का पहला चरण हैं। पाकिस्तानी चुनाव आयोग के मुताबिक, मौजूदा सुरक्षा हालात और विरोध प्रदर्शनों के देखते हुए यह चुनाव तीन चरणों में होंगे। पहला 27 जुलाई, दूसरा 2 अगस्त और तीसरा 10 अगस्त को मतदान कराया जाएगा। चुनाव कार्यक्रम के मुताबिक 27 जुलाई को मीरपुर डिवीजन की 13 सीटों पर मतदान होगा। दो अगस्त को मुजफ्फराबाद डिवीजन की 9 सीटों और पाकिस्तान में रहने वाले शरणार्थियों के लिए आरक्षित 12 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। अंतिम चरण में 10 अगस्त को पूंछ डिवीजन की 11 सीटों पर मतदान होगा।

## पीएफ का ब्याज अकाउंट में आना शुरू हुआ, मिस्ड कॉल से पता कर सकते हैं बैलेंस

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए पीएफ अकाउंट होल्डर्स के खातों में 8.25 प्रतिशत की दर से ब्याज डालना शुरू कर दिया है। कई सब्सक्राइबर्स को ब्याज का पैसा क्रेडिट होने के मैसेज भी मिलने लगे हैं। हालांकि, अगर आपको अभी तक ईपीएफओ से कोई मैसेज नहीं मिला है, तो घबराने की जरूरत नहीं है। ब्याज क्रेडिट करने का प्रोसेस चालू है। हालांकि एसएमएस का इंतजार करने के बजाय, आप कई ऑफिशियल तरीकों से अपना पीएफ बैलेंस चेक करके यह आसानी से पता लगा सकते हैं कि ब्याज आया है या नहीं। आप 4 आसान तरीकों से चेक कर सकते हैं कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आपका पीएफ ब्याज जमा हुआ है या नहीं।

## देश भर की रेलवे कालोनियों में पाइप से पहुंचेगी रसोई गैस

**नई दिल्ली।** रेलवे की आवासीय कालोनियों और कारखानों में आने वाले दिनों में एक बड़ा बदलाव देखने को मिलने वाला है। देश भर के लाखों रेल कर्मचारियों के घरों से अब पारंपरिक रसोई गैस सिलेंडर (एलपीजी) की छुट्टी होने जा रही है। केंद्र सरकार के स्वच्छ और सुरक्षित ऊर्जा अभियान के तहत अब रेलवे कालोनियों में सीधे पाइप के जरिए नेचुरल गैस यानी पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) पहुंचाई जाएगी। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सतीश कुमार ने देश के सभी जोनल रेलवे और उत्पादन इकाइयों के महाप्रबंधकों को इस संबंध में कड़े निर्देश जारी किए हैं। इस पहल से न केवल पर्यावरण को फायदा होगा, बल्कि रेल कर्मचारियों को भी सस्ता, सुरक्षित और 24 घंटे बिना किसी रुकावट के खाना पकाने का ईंधन मिल सकेगा।

## ट्रम्प बोले- अमेरिका के पास हथियारों की कोई कमी नहीं

**तेहरान/वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ तनाव के बीच अमेरिका के हथियार खत्म नहीं हो रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारे पास दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार हैं, जरूरत से भी ज्यादा। ट्रम्प का यह बयान उन मीडिया रिपोर्ट्स के बाद आया है, जिनमें कहा गया था कि ईरान के साथ लगातार टकराव की वजह से अमेरिका के पैट्रियट इंटरसेप्टर मिसाइलों का भंडार घट रहा है। बयान के तुरंत बाद ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कई एआई तस्वीरें शेयर कीं। एक तस्वीर में ईरान के सबसे बड़े तेल निर्यात केंद्र खार्ग आइलैंड पर हवाई हमला दिखाया गया। इसके साथ उन्होंने लिखा- स्ट्राइक ऑन खार्ग।

## 2028 का विधानसभा चुनाव नहीं लड़ूंगा: पूर्व सीएम सिद्धारमैया

**कर्नाटक।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता सिद्धारमैया ने कहा है कि वह 2028 का विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि वह अब 79 साल के हो चुके हैं और उनकी सेहत पहले जैसी नहीं रही। सिद्धारमैया ने कहा- हमारी सरकार का कार्यकाल अभी करीब डेढ़ साल बाकी है। तब तक मेरी उम्र 81-82 साल हो जाएगी। मेरी सेहत पहले जितनी मजबूत नहीं है और अब पहले जैसी ऊर्जा के साथ काम करना संभव नहीं है।




## खबर एक नजर...

### काल भैरव मंदिर में मुंबई के श्रद्धालुओं ने दान किए 10 लाख के बैरिकेड्स

**उज्जैन।** सावन मास की तैयारियों के बीच भगवान काल भैरव मंदिर में श्रद्धालुओं की दर्शन व्यवस्था सुगम बनाने के लिए मुंबई निवासी मनीष पांचाल और समीर पांचाल ने 10 लाख रुपए के बैरिकेड्स दान किए हैं। दानदाताओं ने यह राशि नकद न देते हुए सीधे 10 लाख रुपए की लागत से बैरिकेड्स बनवाकर मंदिर समिति को भेंट किए हैं। बैरिकेड्स दान करने की यह प्रक्रिया एसडीएम एलएन गर्ग, पटवारी महेश देपन, प्रबंधक संध्या मारकंडे और व्यवस्थापक अनिल बोरासी की देखरेख में संपन्न हुई। इस दौरान एसडीएम एलएन गर्ग ने मंदिर परिसर का ओचक निरीक्षण कर सावन की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सफाई व्यवस्था का लाइव निरीक्षण किया। साथ ही मंदिर में पेयजल, बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने और अतिक्रमण हटाने के संबंध में जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दिए ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

### रुड़हेड़ा में आज लगेगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, किसान संगोष्ठी व वृक्षारोपण भी होगा

**उज्जैन।** आरोग्य भारती उज्जैन महानगर और ग्रामीण द्वारा सोमवार 27 जुलाई को ग्राम रुड़हेड़ा में एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में अखिल भारतीय अपना ग्राम स्वस्थ ग्राम आयाम के प्रमुख एवं क्षेत्रीय संयोजक भोलानाथ विशेष रूप से ग्राम प्रवास पर रहेंगे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। इस दौरान गांव में विभिन्न सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें मुख्य रूप से गर्भ संस्कार, स्कूल प्रबोधन, वृक्षारोपण, निशुल्क स्वास्थ्य शिविर और अपना ग्राम स्वास्थ्य ग्राम योजना के तहत किसान संगोष्ठी शामिल है। आयोजन में आरोग्य भारती के संरक्षक द्वय, अध्यक्ष, सचिव और वरिष्ठ सदस्यों की सहभागिता रहेगी। आरोग्य भारती ग्रामीण अध्यक्ष उज्जैन टोली एसपी अहिरवार ने सभी संबंधितों और ग्रामीणों से इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

### कारगिल की ऊंची चोटियां सुना रही भारतीय सैनिकों के पराक्रम की गाथा- प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का उत्साह और देशभक्ति के माहौल में समापन हुआ। महाविद्यालय के एनसीसी, क्रीड़ा विभाग एवं आईक्यूएसी द्वारा आयोजित इस समापन समारोह में प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने युवाओं से राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि कारगिल की ऊंची और बहुत कम तापमान वाली चोटियां भारतीय सैनिकों के पराक्रम की गाथा सुना रही हैं। भारतीय सैनिकों ने जिस अदम्य साहस और युद्ध कौशल का परिचय दिया, उसका पूरी दुनिया ने लोहा माना है। युवा कैडेट्स इन शहीदों से प्रेरणा लें और देश के लिए सर्वस्व न्योछावर करने का संकल्प लें। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से कारगिल विजय दिवस के अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में पौधे रोपने और उन्हें बड़ा करने का संकल्प लेने का भी आह्वान किया। कार्यशाला के संयोजक व एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. मोहन निमोले ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। इसके पश्चात ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान हुआ और सीनियर अंडर ऑफिसर यश परमार की कमांड में एनसीसी कैडेट्स ने ध्वज को सलामी दी। समारोह में प्राचार्य द्वारा निबंध, पोस्टर और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के उत्कृष्ट प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### कारगिल के अमर बलिदानियों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**उज्जैन।** कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ के अवसर पर सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी ने कारगिल युद्ध के वीर जवानों का स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सदस्यों ने कारगिल विजय स्मारक पहुंचकर शहीदों की स्मृति में पुष्पवर्षा की। इस अवसर पर समाजसेवी इकबाल उस्मानी ने वीर सैनिकों के अदम्य साहस को याद करते हुए कहा कि 26 जुलाई 1999 को हमारे जवानों ने पाकिस्तान की नापाक साजिशों को नाकाम कर कारगिल में देश का परचम लहराया था। समारोह में गायक डॉ. तेज कुमार मालवीय ने 'मेरे देश प्रेमियों आपस में प्रेम करो' गीत प्रस्तुत कर देशभक्ति और आपसी एकता का संदेश दिया।

### दिंडी यात्रा का बैरवा महासभा ने किया भव्य स्वागत

**उज्जैन।** समग्र हिंदू समाज द्वारा आषाढ़ी देवशयनी एकादशी के अवसर पर शनिवार को निकाली गई दिंडी यात्रा का अखिल भारतीय बैरवा महासभा ने भव्य स्वागत किया। महासभा के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र मरमट के नेतृत्व में पदाधिकारियों और समाजजनों ने यात्रा का आत्मीय स्वागत व सम्मान किया। उल्लेखनीय है कि यह दिंडी यात्रा टावर चौराहे पर एकत्रीकरण और महाआरती के पश्चात प्रारंभ हुई थी। यात्रा टावर, शहीद पार्क, सांदीपनि चौराहा, देसाई नगर और लक्ष्मीनगर चौराहे से होते हुए सेठीनगर स्थित गजानन महाराज मंदिर पहुंची, जहां इसका समापन हुआ।

### उज्जैन जिले में 2 लाख नए सदस्य बनाएगा किसान संघ- भारत सिंह बैस

# दो दिवसीय अभ्यास वर्ग का समापन, विश्व के सबसे बड़े किसान संगठन के प्रशिक्षण वर्ग में 9 तहसीलों के 99 कार्यकर्ता हुए शामिल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



विश्व के सबसे बड़े किसान संगठन भारतीय किसान संघ का कोठी रोड स्थित कृषक प्रशिक्षण केंद्र पर चल रहा दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग संपन्न हो गया है। वर्ग में संगठन के विस्तार पर जोर देते हुए उज्जैन जिले में दो लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। प्रांत मंत्री भारत सिंह बैस ने सदस्यता अभियान की कार्ययोजना रखते हुए यह जानकारी दी।

कुल आठ सत्रों में चले इस अभ्यास वर्ग के उद्घाटन सत्र को प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने संबोधित किया। चतुर्थ सत्र में प्रांत महामंत्री रमेश दांगी ने संगठन की कार्य पद्धति पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसान सुखी रहेगा तभी देश सुखी होगा। संगठन का मुख्य उद्देश्य किसानों को संगठित कर उनकी समस्याओं के लिए आंदोलन करना, शासन-प्रशासन से समाधान निकालना और रचनात्मक कार्य करना है। उन्होंने बताया कि हम व्यक्तिगत लाभ के बजाय समाज हित में पौधारोपण, जल संरक्षण, रक्तदान, पशु टीकाकरण और गोपालकों के सम्मान जैसे कार्य करते हैं। जिले के मंगरोला गांव में समरस महादेव और समरस सहभोज सामाजिक समरसता का प्रत्यक्ष उदाहरण है।

समापन सत्र को संबोधित करते हुए प्रांत सह संगठन मंत्री दिनेश शर्मा ने कहा कि संगठन सर्वोपरि है और कार्यकर्ता ही हमारे काम का मुख्य आधार हैं। हमारा राष्ट्रवादी और राष्ट्रव्यापी संगठन देश हित के लिए समर्पित है। अभ्यास वर्ग में जिले की नौ तहसीलों से अपेक्षित 120 में से 99 प्रमुख कार्यकताओं ने भाग लिया।

दो दिवसीय वर्ग के अन्य सत्रों में महिला संयोजिका गिरजादेवी ठाकुर एवं संभाग अध्यक्ष दशरथ पंड्या ने ग्राम समिति विषय पर बात रखी। वहीं प्रांत कोषाध्यक्ष शांतिलाल शर्मा ने रीति-नीति, जिला उपाध्यक्ष शिवचरण शर्मा ने हमारे उत्सव और प्रांत सदस्य मोहन पाटीदार ने हमारे आयाम विषय पर कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर जिला अध्यक्ष बहादुर सिंह आंजना, धार संभागीय उपाध्यक्ष उदयसिंह आंजना, जिला कोषाध्यक्ष राजेश सिंह सोलंकी और जिला सह मंत्री विक्रम योगी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला प्रचार प्रमुख जालम सिंह रेबारी ने बताया कि एक करोड़ से अधिक सदस्यों के साथ भारतीय किसान संघ वर्तमान में विश्व का सबसे बड़ा किसान संगठन है।

# स्वस्थ तन में ही होता है स्वस्थ मन का वास

### लायंस क्लब सुरभि ने पार्श्वनाथ सिटी में महिलाओं के लिए लगाया योग शिविर, आरोग्यम धन संपदा प्रोजेक्ट के तहत हुआ आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



लायंस क्लब उज्जैन सुरभि ने अपने नवीन प्रोजेक्ट 'आरोग्यम धन संपदा' के अंतर्गत पार्श्वनाथ सिटी और आसपास की कॉलोनियों की महिलाओं के लिए योग शिविर का आयोजन किया। स्वास्थ्यगत समस्याओं के प्रति महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से यह शिविर पतंजलि योगपीठ की महिला प्रभारी एवं रघुकुल प्रेम सेवा फाउंडेशन की फाउंडर सुषमा यादव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

शिविर में योग की महत्ता बताते हुए सुषमा यादव ने कहा कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है। तन और मन को स्वस्थ रखने के लिए हर मनुष्य को प्रतिदिन नियमित रूप से योग अवश्य करना चाहिए। क्लब अध्यक्ष अरुंधति पेंढारकर ने बताया कि एक घंटे का यह योग सत्र महिलाओं के लिए काफी उपयोगी रहा। क्लब द्वारा महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए हर माह अलग-अलग क्षेत्रों में योग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

आयोजन के दौरान क्लब की उपाध्यक्ष डॉ. संध्या सक्सेना व सुधा गुप्ता, कार्यक्रम प्रभारी मधु गुप्ता, रश्मि श्रीवास्तव, संतोष गुप्ता, मिथिलेश गर्ग, कोषाध्यक्ष आरती, कल्पना अंबेडकर और मीना झालानी सहित कॉलोनी की अनेक महिलाएं उपस्थित थीं।

### सिंहस्थ से पहले एक लाख पेड़ तैयार करने का लक्ष्य

**उज्जैन।** पर्यावरण संरक्षण और आगामी सिंहस्थ से पहले शहर में एक लाख वृक्ष तैयार करने के संकल्प के साथ निरंकारी मिशन तथा वृक्ष मित्र सेवा समिति ने विक्रम विश्वविद्यालय की चरक वाटिका में रोपे गए हजारों पौधों का संरक्षण किया। 'वन नेस वन' अभियान और 'पर्यावरण के लिए हर संडे 2 घंटे' के तहत जुलाई के आखिरी रविवार को स्वयंसेवकों ने पौधों की विशेष देखभाल की।

मीडिया सहायक विनोद गज्जर और जितेश बत्रा ने बताया कि माता सुदीक्षा जी और राजपिता रमित जी के मार्गदर्शन में संत निरंकारी मिशन साल भर जल, थल और वायु संरक्षण के लिए सेवा कार्य करता है। समिति का मुख्य उद्देश्य सिर्फ पौधे रोपना नहीं है, बल्कि उनके वृक्ष बनने तक उनका पूरा रखरखाव करना है ताकि आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध वायु का लाभ मिल सके। समिति के अजय भातखंडे ने बताया कि सिंहस्थ से पहले पूरे उज्जैन में एक लाख वृक्षों को तैयार करने का बड़ा लक्ष्य रखा गया है। इस पुनीत कार्य में शहर के प्रोफेसर, डॉक्टर और समाजसेवियों सहित कई गणमान्य नागरिक अपनी निरंतर सेवाएं दे रहे हैं।

# ऋषभदेव केशरीयानाथ पेढ़ी में साध्वीवर्या का चातुर्मास प्रवेश





### विधायक अनिल कालूहेड़ा ने धर्मसभा में दिया स्वागत उद्बोधन, राजमल मोहनलाल परिवार ने ओढ़ाई कांबली

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

ऋषभदेव केशरीयानाथ पेढ़ी खाराकुआ पर चातुर्मास के लिए पधारीं साध्वीवर्या दिव्ययशाश्री, दिव्यदर्शाश्री और दिव्यनेहाश्री का भव्य चातुर्मास प्रवेश संपन्न हुआ। सामैया प्रवेश दौलतगंज स्थित कांच मंदिर से शुरू होकर खाराकुआ मंदिर पहुंचा। इसमें नगर में विराजित साध्वी उपेन्द्र यशाश्री और तारक रत्नाश्री भी शामिल हुईं। शोभायात्रा में उज्जैन के विभिन्न संघों के समाजजनों के साथ ही बाहर से आए श्रावक-श्राविकाएं और महिला मंडल भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

खाराकुआ मंदिर पहुंचने के बाद धर्मसभा का आयोजन किया गया। इसमें महिला मंडलों और तरवेचा बंधुओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किए।

### गुरु पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियों को लेकर हुई बैठक, श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर हुआ मंथन

**उज्जैन।** बड़ा पुल स्थित श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के श्री श्री 1008 जगद्गुरु पंचानंद गिरी महाराज के कामाख्या तंत्र पीठ आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आश्रम समिति के पदाधिकारी, संत-महात्मा एवं श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान गुरु पूर्णिमा पर आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा एवं व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक प्रारंभ होने से पूर्व जूना अखाड़ा के कामाख्या पीठाधीश्वर हिमालय गिरी महाराज के सान्निध्य में अघोर काली माता का पूजन-अर्चन किया गया। इसके पश्चात बैठक का शुभारंभ हुआ। आश्रम समिति के नितेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आश्रम में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

### जनकल्याण और विकास कार्यों पर मिला मार्गदर्शन

# पन्ना प्रमुख संगठन की सबसे मजबूत कड़ी, मंगरोला में कार्यकताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन दक्षिण के ग्राम मंगरोला स्थित बूथ क्रमांक 8 व 9 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम और पन्ना प्रमुख सम्मेलन का आयोजन किया गया। महाराजवाड़ा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंदल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। प्रधानमंत्री द्वारा देश के विकास, जनकल्याण और संगठन की मजबूती के लिए दिए गए मार्गदर्शन को कार्यकताओं ने प्रेरणादायी बताया। सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी संगठन की सबसे महत्वपूर्ण और मजबूत कड़ी माने जाने वाले पन्ना प्रमुखों के समर्पण, निष्ठा और सक्रिय भागीदारी की सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि पन्ना प्रमुखों के अथक परिश्रम से ही बूथ स्तर पर संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती प्राप्त होती है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर निगम सभापति कलावती यादव, भाजपा नगर जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल, उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी, जिला महामंत्री कमल बैरवा, आनंद खींची, मंडल प्रभारी विजय चौधरी, जितेंद्र कृपलानी, दर्शन प्रभारी पंकज मिश्रा, महाराजवाड़ा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंदल, भाजयुमो प्रदेश मंत्री कार्तिकेय मिश्रा, मंडल महामंत्री जितेंद्र आंजना, इंदर चौधरी, बूथ अध्यक्ष राजपाल, कृष्णपाल तथा ग्रामीणजन द्रुपतसिंह, अंतरसिंह, धूलसिंह, मानसिंह व बलवीर सिंह सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी, मातृशक्ति और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी महाराजवाड़ा मीडिया प्रभारी महेंद्र जायसवाल ने दी।

# कैंसर के अत्याधुनिक उपचार व नई रिसर्च पर विशेषज्ञों ने किया मंथन

### आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में जुटे देशभर के जाने-माने ऑन्कोलॉजिस्ट, उज्जैन कैंसर सेंटर में जल्द मिलेगी पीईटी स्कैन सुविधा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के नाद ब्रह्मा कन्वेंशन सेंटर में 25 और 26 जुलाई को आयोजित दो दिवसीय एमपी-सीजी चैप्टर रेडिएशन ऑन्कोलॉजी कॉन्फ्रेंस में देशभर के विशेषज्ञों ने कैंसर के इलाज पर मंथन किया। इस साइंटिफिक मीटिंग में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट, मेडिकल फिजिसिस्ट, रेजिडेंट्स और कैंसर केयर प्रोफेशनल्स शामिल हुए। यह कॉन्फ्रेंस कैंसर के क्षेत्र में ज्ञान के आदान-प्रदान, एकेडमिक चर्चा और नई रिसर्च के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुई। कार्यक्रम में प्रिसिजन रेडियोथेरेपी, उभरती तकनीकों, एविडेंस-बेस्ड क्लिनिकल प्रैक्टिस और कैंसर मैनेजमेंट के मल्टीडिसिप्लिनरी अप्रोच पर एक्सपर्ट पैनल चर्चा, केस-आधारित विचार-विमर्श तथा ओरल व पोस्टर प्रेजेंटेशन हुए। पोस्टग्रेजुएट छात्रों और युवा ऑन्कोलॉजिस्ट ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने रिसर्च और क्लिनिकल अनुभव साझा किए।

#### उज्जैन में उपलब्ध हैं नवीनतम उपचार सुविधाएं

आयोजक अध्यक्ष एवं आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. वीके महाडिक ने बताया कि यह आयोजन निरंतर चिकित्सा शिक्षा और रिसर्च के माध्यम से कैंसर देखभाल को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया गया। वहीं, उज्जैन कैंसर सेंटर के अध्यक्ष डॉ. दिनेश पेंढारकर ने बताया कि सेंटर नवीनतम रेडिएशन मशीनों और सर्वोत्तम तकनीक से सुसज्जित है। यहां जल्द ही पीईटी स्कैन सुविधा शुरू होने वाली है। यह राज्य का एकमात्र मेडिकल कॉलेज है जो कैंसर निदान के लिए नवीनतम एनजीएस और फ्लोसाइटोमेट्री सुविधाएं दे रहा है। इसके साथ ही टार्गेटेड थेरेपी, इम्यूनोथेरेपी, प्रेसिजन ऑन्कोलॉजी, बोन मैरो ट्रांसप्लांट और कार टी सेल थेरेपी जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं यहां पहले से उपलब्ध हैं।

**देश के कई जाने-माने विशेषज्ञ रहे उपस्थित-** कॉन्फ्रेंस में देशभर के ख्यात कैंसर विशेषज्ञ शामिल हुए। इनमें एआरओआई के अध्यक्ष डॉ. हामिद घोरी, सचिव डॉ. सुरुचि सिंह, राष्ट्रीय कैंसर संस्थान और एम्स के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग के पूर्व प्रमुख डॉ. जीके रथ, डॉ. एसएन सेनापति, डॉ. श्रीनिवासन वेकाटेसन, डॉ. जेपी अग्रवाल, डॉ. सिद्धार्थ लस्कर और डॉ. विवेक आनंद उपस्थित थे।

### टावर गोलीकांड में हथियारबंद बदमाश को दबोचने वाले टीआई पचौरिया सम्मानित



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

घंटाघर टावर पर हुए गोलीकांड के हथियारबंद आरोपी को अपनी जान की परवाह किए बिना पकड़ने वाले माधव नगर थाना प्रभारी गजेंद्र पचौरिया और उनकी टीम का सम्मान किया गया। टीआई ने साहस का परिचय देते हुए चार अतिरिक्त कारतूसों से लैस बदमाश को धर दबोचा था। साथ ही घटना में घायल हुए व्यक्ति को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर मानवता की मिसाल भी पेश की थी। सामाजिक कार्यकर्ता शकेब अख्तर कुरैशी ने बताया कि पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई और बहादुरी की प्रशंसा करते हुए विभिन्न खेल व सामाजिक संस्थाओं ने टीआई पचौरिया का शॉल और माला पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर संस्था नई पहल नई सोच के शाहिद हाशमी और शकेब अख्तर कुरैशी, बॉडीबिल्डिंग से भूपेंद्र सिंह बैस और राजेश भारती, उज्जैन भूतपूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष कमल सोनी, साईं सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र मालवीय, सलीम कुरैशी, मेमोरियल टेलर और आरिफ खान ने थाना प्रभारी का सम्मान किया। सभी उपस्थितजनों ने एक स्वर में टीआई और उनकी टीम के साहस व कर्तव्यनिष्ठा की जमकर सराहना की।

### रविवारीय सत्संग में आचार्य जीवनप्रकाश आर्य ने दिए विचार

**उज्जैन।** मनुष्य जीवन प्राप्त करने के बाद हमें इसका मुख्य उद्देश्य समझना होगा। हम इंद्रियों से कोई भी कर्म करने से पूर्व सत्कर्म करना सुनिश्चित करें और अपनी आत्मा की आवाज के विरुद्ध कोई कार्य न करें, क्योंकि आत्मा का क्षय असहनीय है। वर्तमान के हमारे कर्म ही अगले जन्म का आधार बनते हैं। यह विचार आचार्य जीवनप्रकाश आर्य ने आर्य समाज में आयोजित रविवारीय साप्ताहिक सत्संग में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जिस तरह मकान निर्माण से पहले मन और बुद्धि में उसका नक्शा बनाया जाता है, उसी तरह जीवन को भी सही दिशा देनी चाहिए। हमारी आवश्यकताएं अनंत हैं जबकि क्षमताएं सीमित हैं। जीवन का निर्माण और योग्य संतान समाज को देना भी एक यज्ञ के समान है। गृहस्थ जीवन के पश्चात वानप्रस्थ और संन्यास आश्रम में पूरे संसार को अपना परिवार मानते हुए, जीवन को यज्ञमय बनाकर मोक्ष प्राप्ति की कामना करनी चाहिए। समारोह में ईश प्रार्थना देवेंद्र ने तथा भजन सम्पत पाटीदार ने प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का सफल संचालन विष्णु शर्मा ने किया एवं आभार प्रधान ओमप्रकाश यादव ने माना। सत्संग का समापन वैदिक जयघोष और प्रसाद वितरण के साथ किया गया। इस अवसर पर समाजजनों को आगामी माह में आयोजित होने वाले वेद प्रचार सप्ताह की जानकारी भी दी गई।

### माधव विज्ञान महाविद्यालय में मना विजय दिवस, शहीदों को नमन कर ली राष्ट्रसेवा की शपथ

**उज्जैन।** शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर वीर सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान से हुआ। इस दौरान प्राध्यापकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्रसेवा और देशभक्ति की भावना को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य हरीश व्यास ने कहा कि कारगिल के वीर सैनिकों का त्याग और पराक्रम सदैव देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। प्रशासनिक अधिकारी आर.के. तिवारी ने कहा कि यह दिवस वीर जवानों के साहस और सर्वोच्च समर्पण की याद दिलाता है, जिन्होंने विषम परिस्थितियों में सीमाओं की रक्षा की। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं और अनुशासन, परिश्रम व देशभक्ति को जीवन का आधार बनाएं। शशि जोशी ने उपस्थित सभी को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति समर्पित रहने तथा शहीदों के आदर्शों का अनुसरण करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का समापन शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कर किया गया। यह कार्यक्रम प्रमिला बघेल के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

### इन्द्रध्वज महामंडल विधान में समर्पित किए 390 अर्घ्य

**उज्जैन।** 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर के तत्वावधान में फ्रीगंज में 21 से 28 जुलाई तक आयोजित इन्द्रध्वज महामंडल विधान का शनिवार को पांचवां दिन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। विधानाचार्य पं. श्रेयस जैन पिण्डरई के सान्निध्य में प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान और पूजन-अर्चना की जा रही है। विधान के पांचवें दिन तक पंचमेरु से संबंधित 390 अर्घ्य मंडल पर समर्पित किए जा चुके हैं। मंदिर समिति के सचिव राहुल जैन और अध्यक्ष धर्मेन्द्र सेठी ने बताया कि जैन शास्त्रों में इन्द्रध्वज महामंडल विधान को सर्वश्रेष्ठ माना गया है। आर्यिका पूर्णमती माता द्वारा रचित इस विधान में 51 पूजाओं के माध्यम से मध्यलोक स्थित 458 अकृत्रिम जिनालयों की वंदना की जाती है।

उज्जैन
सोमवार
27
जुलाई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

स्वयमेवात्मनात्मानं वेत्थ त्वं पुरुषोत्तम।
भूतभावन भूतेश देवदेव जगत्पते॥

**अर्थः** हे भूतों को उत्पन्न करने वाले! हे भूतों के ईश्वर! हे देवों के देव! हे जगत् के स्वामी! हे पुरुषोत्तम! आप स्वयं ही अपने से अपने को जानते हैं।

## खबर एक नजर...

### ट्रेन की टक्कर से युवक की मौत, राजेंद्र नगर में रेलवे ट्रैक पर मिला शव

**इंदौर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह रेलवे ट्रैक के पास एक युवक का शव मिला। पुलिस का अनुमान है कि उसकी मौत ट्रेन की टक्कर से हुई है। वहीं, शहर में अलग-अलग स्थानों पर दो लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस तीनों मामलों की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक रविवार सुबह करीब 8 बजे भीमनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रैक किनारे एक शव पड़े होने की सूचना मिली। दूसरी ट्रेन के लोको पायलट ने शव देखकर रेलवे कंट्रोल रूम को सूचना दी थी। मौके पर पहुंची जीआरपी और पुलिस ने पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। मृतक की उम्र करीब 25 साल बताई जा रही है। उसके पास कोई पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिले। पुलिस का प्राथमिक अनुमान है कि वह चलती ट्रेन से गिरा या ट्रेन की चपेट में आ गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेज दिया गया है। जूनी इंदौर थाना क्षेत्र के बापू नगर निवासी दिनेश अहिरवार (30) ने शनिवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह इलेक्ट्रिशियन का काम करता था। पुलिस के अनुसार घटना से पहले उसका पत्नी से विवाद हुआ था। विवाद के बाद पत्नी नीचे चली गई थी। शाम को जब वह वापस कमरे में पहुंची तो दिनेश का शव फंदे से लटका मिला। दिनेश के दो बच्चे हैं और वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। एमआईजी थाना क्षेत्र के नया बसेरा निवासी राजू कलमे (42) ने भी शनिवार शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह स्क्रैप की दुकान पर काम करता था। सबसे पहले उसके भाई ने उसे फंदे पर लटका देखा। राजू के परिवार में माता-पिता, दो भाई और दो बहनें हैं।

### लोढ़िया कुंड में नहाते समय 17 वर्षीय नाबालिग डूबा

**इंदौर।** महू के सिमरोल थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल लोढ़िया कुंड में रविवार को एक हादसा हो गया। इंदौर के राजेंद्र नगर निवासी 17 वर्षीय नाबालिग की कुंड में डूबने से मौत हो गई। युवक अपने दोस्तों के साथ घूमने आया था और नहाने के दौरान गहरे पानी में चला गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डूबने की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद नाबालिग का शव कुंड से बाहर निकाला। उन्होंने तत्काल सिमरोल पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए महू के मध्य भारत अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक की पहचान उदय वीर चौहान (17) निवासी पुलिस लाइन, राजेंद्र नगर, इंदौर के रूप में की गई है। सिमरोल थाना प्रभारी कुलदीप खत्री ने बताया कि युवक अपने दोस्तों के साथ लोढ़िया कुंड घूमने आया था। नहाने के दौरान वह गहरे पानी में डूब गया। पुलिस ने इस संबंध में मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। यह उल्लेखनीय है कि लोढ़िया कुंड पहले भी हादसों के कारण चर्चा में रहा है। वर्ष 2023 में इसी कुंड में एक कार अनियंत्रित होकर गिर गई थी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

### इंदौर-आरोपियों के जुलूस के बाद जेल गेट पर खोले पट्टे

**इंदौर।** इंदौर की हीरानगर पुलिस ने मेडिकल दुकान के बाहर कार और बाइक की टक्कर के बाद हुए विवाद में एक नाबालिग समेत चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस ने रविवार को आरोपियों का जुलूस निकाला। इस दौरान उनके हाथ और पैरों पर पट्टे बांधे गए थे। देर रात सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया, जिसमें जेल गेट के बाहर आरोपी खुद पट्टे खोलते नजर आए। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठने लगे हैं। पुलिस ने शोभित साक्यवार, निक्की अहिरवार, ओम उर्फ देवाय और एक अन्य आरोपी को दो दिन पहले मेडिकल दुकान के बाहर हुए विवाद में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद इलाके में उनका जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान आरोपियों के हाथ और पैरों पर पट्टे बंधे हुए थे। बाद में उन्हें कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। रविवार देर रात सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में जेल गेट के बाहर आरोपी अपने हाथ और पैरों से पट्टे खोलते दिखाई दिए। वीडियो के बाद आरोप लग रहे हैं कि पुलिसकर्मियों ने रुपए लेकर केवल दिखावे के लिए पट्टे बांधे थे। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### कम-कीमत में डॉलर देने का झांसा देकर महिला से ठगी

**इंदौर।** खजराना में ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। यहां एक व्यापारी महिला को डॉलर देने के नाम पर आरोपी ने 50 हजार रुपए ऑनलाइन अकाउंट में जमा करा लिए। महिला ने शनिवार को मामले की शिकायत की, जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई है। खजराना पुलिस के मुताबिक, अनम शेख की शिकायत पर जैक नाम के युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। अनम ऑनलाइन बिजनेस करती हैं और पिछले कुछ सालों से डायमंड खरीदी-बिक्री का काम कर रही हैं। वह अपने बिजनेस के लिए एजेंट के माध्यम से डॉलर खरीदती थीं। कम कमीशन में डॉलर खरीदने के लिए उन्होंने जस्ट डायल पर नंबर सर्च किया। इस दौरान उन्हें एक नंबर मिला। संपर्क करने पर सामने वाले व्यक्ति ने खुद का नाम जैक बताया। उसने मौजूदा कीमत से तीन रुपए कम में डॉलर देने की बात कही। आरोपी ने 1 जुलाई को अनम को एक स्कैनर भेजा, जिसके जरिए उन्होंने 50 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उन्हें डॉलर नहीं मिले। उन्होंने आरोपी से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन जैक ने उनका नंबर ब्लॉक कर दिया।

भारतीय विरासत के संरक्षण पर एक्सपर्ट्स ने रखे विचार, डॉक्यूमेंट्री ने किया भावुक

# कारगिल विजय दिवस- इंदौर में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



इंदौर में कारगिल विजय दिवस पर रविवार को टीम हेल्थकेयर सोल्जर्स ने एक प्रेरणादायी और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ऑडिटोरियम, ढक्कन वाला कुआं में हुए कार्यक्रम में सेना के शौर्य, राष्ट्रीय सुरक्षा, भारत की रणनीतिक दिशा और डिजिटल युग में भारतीय विरासत के संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक, चिकित्सक, शिक्षाविद, विद्यार्थी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।

शुरूआत भारत माता और कारगिल के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसके बाद देशभक्ति गीतों और ओजपूर्ण काव्य पाठ ने पूरे सभागार को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया। उपस्थित लोगों ने वीर जवानों के सम्मान में खड़े होकर उनका अभिवादन किया। हार्मोन रोग विशेषज्ञ एवं टीम हेल्थकेयर सोल्जर्स के संस्थापक डॉ. संदीप जुल्का के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में एक विशेष डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें इस वर्ष 26 जनवरी को डॉ. संदीप जुल्का और उनकी टीम की कारगिल यात्रा के दौरान भारतीय सेना के जवानों के साथ बिताए गए प्रेरणादायी पलों को दर्शाया गया। सीमाओं पर तैनात सैनिकों के समर्पण, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति को दर्शाती इस फिल्म ने दर्शकों को भावुक कर दिया।

### राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सेना की जिम्मेदारी नहीं

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल यादवेंद्र जादौन ने ह्यभारत की रणनीतिक दिशा, एक परिप्रेक्ष्यह्न विषय पर व्याख्यान देते हुए कारगिल युद्ध के अनुभव, आधुनिक युद्ध तकनीक, ऑपरेशन सिंदूर, भारत की रक्षा तैयारियों और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में देश की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सेना की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक जागरूक नागरिक का भी दायित्व है। डॉ. संध्या चौकसे ने ह्यडिजिटल युग में भारतीय विरासत : अतीत का संरक्षण और भविष्य का निर्माणह्न विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वर्चुअल रियलिटी और डिजिटल स्टोरीटेलिंग जैसी तकनीकों के माध्यम से भारतीय इतिहास, संस्कृति और वीर गाथाओं को नई पीढ़ी तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकता है।

### शहीदों के बलिदान को स्मरण करने का अवसर

डॉ. संदीप जुल्का ने कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल सैन्य विजय का उत्सव नहीं, बल्कि उन अमर शहीदों के बलिदान को स्मरण करने का अवसर है, जिनकी वजह से देश सुरक्षित है। उन्होंने युवाओं से इतिहास के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा और अपनी जिम्मेदारियों को समझने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि टीम हेल्थकेयर सोल्जर्स समाज में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक उत्तरदायित्व और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से लगातार ऐसे आयोजन करती रही है। इस कार्यक्रम में ज्ञान, प्रेरणा, संवेदना और राष्ट्रभक्ति का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

इंदौर में ऑटो ड्राइवर की मौत, गुड़ खिलाते वक्त हमला किया, महावत हिरासत में

# हाथी ने सूंड से उठाकर पटका, पैर से कुचला

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में एक हाथी ने ऑटो ड्राइवर को सूंड से उठाकर पटक दिया। इसके बाद पैर से कुचल दिया। ड्राइवर हाथी को गुड़ खिला रहा था। इसी दौरान वह अचानक भड़क गया। हमले में गंभीर रूप से घायल ड्राइवर को अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना शनिवार शाम 4.18 बजे राजनगर पुलिस चौकी के पास हुई। रविवार को इसका वीडियो सामने आया। मृतक की पहचान विजय उर्फ लक्ष्मण राव होलकर (49) के रूप में हुई। पुलिस ने महावत को हिरासत में ले लिया है।

चंदन नगर थाना पुलिस के मुताबिक, हाथी को उज्जैन से जैन समाज के एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए इंदौर लाया गया था। कार्यक्रम के बाद महावत उसे इलाके में घुमाते हुए भिक्षावृत्ति कर रहा था। इसी दौरान ऑटो चालक विजय राव ने हाथी को रोककर उसे गुड़ खिलाना शुरू किया था। तभी हाथी अचानक भड़क गया। उसने विजय को सूंड से उठाकर जमीन पर पटक दिया और फिर उसके ऊपर पैर रख दिया।





**इंदौर जू के अफसरों भेजी सूचना-** टीआई तिलक करोले ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है। महावत को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। हाथी के संबंध में इंदौर जू के अधिकारियों को भी सूचना दे दी गई है। पुलिस के अनुसार, घटना के समय विजय के शराब के नशे में होने की बात भी सामने आई है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच और मेडिकल रिपोर्ट के बाद ही होगी।

**पहले भी हो चुकी हमले की घटनाएं-** इंदौर में हाथी के हमले की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले करीब दो दशक पहले सीतलामाता बाजार और करीब आठ साल पहले पाटनीपुरा इलाके में भी हाथी के हमले की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

### लोगों ने हाथी को काबू में किया

आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह हाथी को काबू किया और घायल विजय को अस्पताल पहुंचाया। घायल विजय को पहले जिला अस्पताल और बाद में वर्मा यूनियन अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात करीब 7:30 बजे उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के परिवार में पत्नी, एक बेटा और अन्य परिजन हैं।

इंदौर में आज 68वें ग्रीन कॉरिडोर की तैयारी

# ब्रेन डेड घोषित हुए युवा के परिजनों ने लिया अंगदान का फैसला

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर एक बार फिर मानवता और सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण बनने जा रहा है। खजूरी बाजार निवासी 25 वर्षीय गौरव दवे के अंगदान से कई गंभीर मरीजों को नया जीवन मिलने की उम्मीद जगी है। यदि सभी चिकित्सकीय और वैधानिक प्रक्रियाएं समय पर पूरी हो जाती हैं तो सोमवार सुबह शहर में 68वां ग्रीन कॉरिडोर बनेगा।

गौरव दवे को 13 जुलाई को गंभीर ब्रेन हेमरेज होने के बाद इलाज के लिए राजश्री अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों के लगातार प्रयासों के बावजूद उनकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ और उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। गौरव फिल्म इंडस्ट्री में कास्टिंग कोऑर्डिनेटर के रूप में कार्यरत थे।

इस कठिन समय में गौरव की बहन वैदही राठी, बहनोई पल्केश राठी और भाई रितिक चावरे ने परिवार को अंगदान के लिए प्रेरित किया। इसके बाद पिता सतीश दवे और माता कविता दवे ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए अंगदान की सहमति दी। इसके बाद मुस्कान ग्रुप पारमार्थिक ट्रस्ट के सेवादार जीतू बगानी, संदीपन आर्य और लकी खत्री ने इसके लिए समन्वय किया।

गौरव का लिवर आज राजश्री अपोलो हॉस्पिटल में एडमिट एक जरूरतमंद मरीज को ट्रांसप्लांट किया जाएगा, जबकि उनकी दोनों किडनियां चोइथराम हॉस्पिटल में उपचाररत दो अलग-अलग मरीजों को लगाई जाएंगी। इसके अलावा हृदय, फेफड़े, हार्ट वाल्व, पेनक्रियाज और छोटी आंत के आवंटन की प्रक्रिया राष्ट्रीय स्तर पर जारी है।

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को पांडेय दंपती ने लिखा पत्र

# नीट पर चर्चा से बची सरकार, राष्ट्रीय मुद्दे पर विधानसभा में चर्चा होने देते

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के घर के बाहर प्रदर्शन करने के मामले में जेल जाने वाले प्रहलाद पांडेय और संगीता पांडेय ने रिहा होने के बाद मंत्री को पत्र लिखकर सवाल उठाए हैं। पांडेय दंपती ने कहा कि कैलाश विजयवर्गीय मध्यप्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री हैं, इसलिए नीट पेपर लीक जैसे राष्ट्रीय महत्व के मुद्दे पर विधानसभा में चर्चा होने देते, लेकिन चर्चा को प्रोत्साहित करने के बजाय उससे बचने का प्रयास किया गया।

पत्र में लिखा कि मंत्री ने उस समय दो बातें कही थीं। पहली नीट का विषय मध्यप्रदेश से संबंधित नहीं है, और दूसरी, यह आंदोलन प्रायोजित है। इन दोनों बातों से सहमत नहीं हैं और हमारा विरोध पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक था।

इससे पहले मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पांडेय दंपती की रिहाई के लिए खुद मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह को 24 जुलाई को पत्र लिखा था। संगीता पांडेय 25 जुलाई को और प्रहलाद पांडेय आज, 26 जुलाई को जेल से रिहा होकर बाहर आए है। प्रहलाद पांडेय को पुलिस ने उठाकर गाड़ी में बैठाया था। यह पत्र दंपती ने मंत्री के पीए को व्हाटसएप पर भेजा है।

**मंत्री द्वारा पत्र में लिखे माता-पिता से हुई भूल जैसे शब्द गलत-** पांडेय दंपती ने पत्र में लिखा कि प्रदर्शन किसी भी तरह की भूल नहीं था। मंत्री द्वारा पत्र में इस्तेमाल किए गए माता-पिता से हुई भूल जैसे शब्द उनके लोकतांत्रिक आंदोलन का गलत चित्रण करते हैं।

**2011 में तत्कालीन सांसद सुमित्रा महाजन ने सुनी थी बात-** पांडेय दंपती ने वर्ष 2011 के जनलोकपाल आंदोलन का भी जिक्र किया। उन्होंने लिखा कि उस समय वे पूर्व लोकसभा अध्यक्ष एवं इंदौर की तत्कालीन सांसद सुमित्रा महाजन के निवास पर गए थे। वहां उनकी बात धैर्यपूर्वक सुनी गई, उनसे संवाद किया गया।

हम भविष्य में भी वे संविधान और कानून की सीमाओं के भीतर रहकर जनहित के मुद्दों पर शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखते रहेंगे। उम्मीद है कि भविष्य में यदि जनहित के विषय पर मंत्री के निवास पर जाएं तो संवाद का रास्ता चुना जाएगा। क्योंकि यही स्वस्थ और परिपक्व लोकतंत्र की पहचान है।

पोस्टल असिस्टेंट उर्मिला सैनी हत्याकांडः खेत में मिला कटा सिर

# पति अखिलेश सैनी का होने की आशंका

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के चर्चित पोस्टल असिस्टेंट उर्मिला सैनी हत्याकांड के आरोपी अखिलेश सैनी से जुड़े मामले में एक नया मोड़ आया है। गंजबासौदा के पास एक गांव के खेत में मिला कटा हुआ सिर अखिलेश सैनी का होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पहचान सुनिश्चित करने के लिए सिर और बरामद शव का डीएनए परीक्षण कराया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, 24 जुलाई को दोपहर करीब 2 बजे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी थी कि ग्राम महागोर के पास खेत में एक मानव सिर पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सिर को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।

पुलिस के मुताबिक, जहां सिर मिला, वह स्थान रेलवे ट्रैक से करीब 500 मीटर दूर खेतों में है। सिर की हालत बेहद खराब थी। उस पर मांस और मांसपेशियां नहीं थीं और केवल हड्डियों का ढांचा बचा था। इसी वजह से मौके पर उसकी पहचान नहीं हो सकी।



### 20 हजार रुपए का इनाम घोषित था

उर्मिला सैनी की हत्या के बाद से ही अखिलेश फरार था। बेटी प्रेक्षा ने खुलासा किया था कि पिता लंबे समय से मां पर बेवजह शक करते थे। इससे पहले भी वे मां का गला दबाने की कोशिश कर चुके थे। एक बार बीच-बचाव करने पर आरोपी ने मंदिर का सिंहासन उठाकर बेटी पर ही फेंक दिया था। पुलिस की कई टीमें अखिलेश की तलाश में लगी थीं। उस पर घोषित इनाम 10 हजार रुपए से बढ़ाकर 20 हजार रुपए कर दिया गया था। फिलहाल, पुलिस यह जांच कर रही है कि अखिलेश पिछले आठ दिन से कहां छिपा था? उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई?

मामले की जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर बी.एल. मालवीय ने बताया कि बरामद सिर और पहले मिले शव का डीएनए परीक्षण कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि बरामद सिर किस व्यक्ति का है। यदि डीएनए रिपोर्ट में सिर की पहचान अखिलेश सैनी के रूप में होती है, तो यह इंदौर के चर्चित उर्मिला सैनी हत्याकांड से जुड़े घटनाक्रम में एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगी।

### 11 जुलाई को हुई थी उर्मिला की हत्या

दरअसल, बीती 11 जुलाई को सरकारी आवास में पोस्टल असिस्टेंट उर्मिला सैनी (38) की हत्या कर दी गई थी। वारदात का खुलासा तब हुआ, जब दोपहर करीब एक बजे उनके दोनों बच्चे स्कूल से लौटे। घर का मेन गेट खुला था और अंदर तेज आवाज में टेलीविजन चल रहा था।

घर के भीतर पहुंचने पर बच्चों ने मां को खून से लथपथ देखा। उन्होंने तुरंत अपने नाना सत्यनारायण मालाकार को फोन किया। बच्चों के रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी थी।

# धर्म नगरी के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हुआ इंदौर

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

सर सेठ हुकुमचंद जी की धर्म नगरी इंदौर में तीर्थ चक्रवृती परम पूज्य मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज संसघ का ऐतिहासिक भव्य मंगल प्रवेश हुआ। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि भव्य मंगल प्रवेश शोभा यात्रा में हाथी-घोड़े, बग्गी-बैंडबाजे के साथ इंदौर के जनप्रिय सांसद शंकर लालवानी ने राजवाड़ा पर गुरु देव की मंगल आगवानी कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जय जय गुरुदेव के जयकारों से गूंजा शहर सकल दिगंबर जैन समाज धर्म प्रभावना समिति के तत्वावधान में आयोजित निर्यापक मुनिपुंगव 108 श्री सुधासागर जी महाराज संसघ का मंगल प्रवेश शनिवार को इंदौर के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया। हाथी, घोड़े, बग्गी, ढोल-नगाड़े, बैंडबाजे और भक्ति के जयकारों के साथ निकली भव्य एवं ऐतिहासिक शोभायात्रा में पूरा शहर धर्ममय हो गया। दद्दू ने कहा कि आकर्षण का केंद्र रहे पारंपरिक दल शोभायात्रा में उज्जैन से आए भस्म रमैया ग्रुप के डमरू वादक दल, झांझ मंजरी वादक दल, पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे युवक-युवतियों के नृत्य दल और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भक्तों का मन मोह लिया। धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष सपना मनीष गोधा, नवीन आनंद गोधा हर्ष जैन ने कहा कि शोभायात्रा मार्ग पर विभिन्न संगठनों के मंच से पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं ने गुरुदेव का अभिनंदन किया।





इस दौरान इंदौर सांसद शंकर लालवानी केबीनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, आकाश विजयवर्गीय, गोपीकृष्ण नेमा, सुदर्शन गुप्ता, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा भी विशेष रूप से पधारे। उन्होंने गुरुदेव के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सांसद का स्वागत फेडरेशन के मंच पर अमित कासलीवाल, अक्षय कासलीवाल, प्रदीप चौधरी, संजय पापड़ीवाल, मनीष जैन, डीके जैन रिटायर्ड डीएसपी राजेश जैन दद्दू सहित समाजजनों ने किया।

### बड़ा गणपति से दलाल बाग तक उमड़ा जनसैलाब

यह पावन शोभायात्रा बड़ा गणपति से प्रारंभ हुई। मोदी जी की नसिया में मुनिश्री ससंघ ने भगवान के दर्शन किए इसके बाद यात्रा राजवाड़ा, जवाहर मार्ग, राज मोहल्ला, खालसा स्टेडियम होते हुए एयरपोर्ट रोड से प्रवेश कर दलाल बाग में संपन्न हुई।

रोड के दोनों ओर बड़ा गणपति से राजवाड़ा तक हजारों की संख्या में गुरु भक्त हाथों में ध्वज-पताका लेकर खड़े रहे। जयकारों से पूरा आकाश गूंजायमान हो उठा।

## अग्रवाल मेडिकल स्टोर से 6 लाख की अवैध दवाएं जब्त

ब्रह्मास्त्र ›› मुरैना

पोरसा कस्बे के अग्रवाल मेडिकल स्टोर पर रविवार को भोपाल स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित चार सदस्यीय जांच टीम ने बड़ी कार्रवाई की। टीम ने सील खोलकर मेडिकल स्टोर और उसके गोदाम का निरीक्षण किया। जांच के दौरान स्टॉक में रखी दवाओं का मिलान करने पर खरीदी-बिक्री और स्टॉक से संबंधित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं मिले। जांच टीम में मुरैना के ड्रग इंस्पेक्टर बाबूलाल विरथरिया, दतिया के उमेश रामचंदानी, अशोकनगर के जितेंद्र शर्मा और भिंड के रवि कुमार जाटव शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान टीम ने बिना रिकॉर्ड रखी गई बड़ी मात्रा में दवाओं को जब्त करना शुरू किया। खबर लिखे जाने तक 6 लाख रुपए से अधिक मूल्य की दवाएं जब्त की जा चुकी थीं। ड्रग इंस्पेक्टर बाबूलाल बर्थरिया के अनुसार दस्तावेजों और स्टॉक का मिलान करने की प्रक्रिया जारी है, इसलिए जब्त दवाओं की संख्या और कीमत बढ़ सकती है। स्वास्थ्य विभाग की यह कार्रवाई देर शाम तक जारी रही। जांच पूरी होने के बाद विभाग द्वारा नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार 24 जुलाई को नशे से परेशान युवक सर्वेश राठौर ने गोलीमार कर आत्म हत्या कर ली थी। युवक ने मरने से पहले एक वीडियो जारी कर अग्रवाल मेडिकल स्टोर पर नशे के इंजेक्शन बेचने के आरोप लगाए थे इसके बाद प्रशासन ने उस सील कर संचालक पर मामला दर्ज किया था

## वाहन की टक्कर से दो बाइक सवारों की मौतः एक घायल रेफर

**पिपरिया।** पिपरिया-मटकुली मार्ग पर रविवार रात सड़क हादसा हो गया। किसी वाहन ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। स्टेशन रोड थाने के एसआई जीएस ठाकुर के अनुसार, मृतकों की पहचान डोकरीखेड़ा निवासी रामकुमार ठाकुर (40) और डापका निवासी धनराज (30) के रूप में हुई है। वहीं हादसे में डोकरीखेड़ा निवासी विनोद (30) गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल को 112 एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां सिर और पीठ पर गंभीर चोट होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल विनोद के पिता अखैराम ठाकुर ने बताया कि उनका बेटा और उनके दो दामाद (दोनों मृतक) बाइक से पिपरिया से अपने गांव डोकरीखेड़ा लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। पुलिस ने मर्ग कायम कर वाहन की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक घायल फिलहाल बयान देने की हालत में नहीं है।

## धूल-धुएं में घुट रही सांस... पांच किमी में 200 से ज्यादा ईंट भट्टे, सड़क किनारे धधक रहा प्रदूषण

**रूठियाई।** जिला मुख्यालय से करीब 18 किमी दूर रूठियाई क्षेत्र इन दिनों ईंट भट्टों के धुएं और धूल की चपेट में है। रूठियाई के डोंगर रोड पर लगभग 5 किमी के दायरे में 200 से अधिक ईंट भट्टे संचालित हो रहे हैं। हालत यह है कि पूरे क्षेत्र में हर समय धुएं की परत और उड़ती धूल दिखाई देती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भट्टों से निकलने वाली राख और धूल अब सीधे घरों तक पहुंच रही है, जिससे सांस लेने में परेशानी होने लगी है। वहीं सड़क से सटे भट्टों के कारण धुएं की वजह से वाहन चालकों की दृश्यता भी प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार अधिकांश भट्टे सड़क से महज 2 से 3 फीट की दूरी पर संचालित हो रहे हैं, जबकि विशेषज्ञों के मुताबिक ईंट भट्टे मुख्य सड़क से कम से कम 500 मीटर और नदी से एक किलोमीटर दूर होने चाहिए। रूठियाई क्षेत्र में जो ईंट भट्टे चल रहे उनकी अनुमति माइनिंग विभाग और पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड द्वारा दी है। शासन मात्र प्रजापति को ही भट्टे लगाने के अनुमति देता है, अन्य समाज को विशेष अनुमति लेनी पड़ती है। जल्द ही एक टीम बनाकर उक्त भट्टों की जांच कराई जाएगी।

## एयरफोर्स में चयन पर बांटी मिठाई, कुएं में मिला शवः

**बैतूल।** मध्यप्रदेश के बैतूल के आठनेर थाना क्षेत्र के पुसली गांव में भारतीय वायु सेना में चयनित 21 वर्षीय मोहित गलफट की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक, शनिवार को ही उसे एयरफोर्स का जॉइनिंग लेटर मिला था। इस खुशी में उसने गांव के हनुमान मंदिर में मिठाई बांटी। रात में मंदिर जाने की बात कहकर घर से निकला, लेकिन वापस नहीं लौटा। रविवार सुबह खेत के पास एक कुएं में उसका शव मिला। गले में करीब चार फीट लंबा एल्यूमीनियम केबल लिपटा था। फोरेंसिक एक्सपर्ट ने शुरूआती जांच में हत्या के बाद शव बोरी में भरकर कुएं में फेंके जाने की आशंका जताई है। हालांकि पुलिस ने मर्ग कायम कर सभी पहलुओं से जांच शुरू कर दी है। मृतक के जीजा के मुताबिक, मोहित को सोमवार 27 जुलाई को ट्रेनिंग के लिए देहरादून पहुंचना था। इसके लिए उसका रिजर्वेशन भी हो चुका था।

## गुना में पकड़ाया काजू, बादाम खाने का शौकीन बदमाश

**गुना।** गुना के बोहरा मस्जिद रोड स्थित बादशाह प्रोविजन किराना स्टोर पर रविवार को फर्जी ऑनलाइन पेमेंट दिखाकर महंगा सामान ले जाने वाले एक युवक को दुकानदारों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी पिछले करीब डेढ़ महीने से नकली ऑनलाइन ट्रांजेक्शन का स्क्रीनशॉट दिखाकर दुकानों से काजू, बादाम और अन्य महंगा सामान ले जा रहा था। इस बार दुकानदारों की सतर्कता से उसका खेल खत्म हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार, विकास नगर निवासी आशु राजपूत पिछले करीब डेढ़ महीने से शहर की दुकानों पर नकली ऑनलाइन भुगतान का स्क्रीनशॉट दिखाकर सामान ले रहा था। वह अपने दो-तीन साथियों के साथ लाल रंग की मोटरसाइकिल पर दुकानों पर पहुंचता था। दुकान में घुसते ही उसकी नजर सबसे पहले महंगे काजू, बादाम और प्रीमियम किराना सामान पर होती थी। दुकानदार के अनुसार, सामान पैक होने के बाद आरोपी मोबाइल पर फोन-पे का फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाता और बिना भुगतान किए वहां से निकल जाता था। करीब 15 दिन पहले भी वह इसी तरह सामान लेकर गया था। उस समय दुकान संचालक अख्तर भाई को शक हुआ, क्योंकि ऑनलाइन भुगतान होने पर बजने वाला साउंडबॉक्स शांत था। जब दुकानदार ने भुगतान की पुष्टि करने को कहा तो आरोपी ने 'सर्वर डाउन' होने का बहाना बनाया और वहां से चला गया।

### शिवराज बोले- आई लव यू टू, फ्लाइंग किस दियाः

# दतिया में गाया गाना- तुमसे मिलने को दिल करता है रे बाबा

ब्रह्मास्त्र ›› दतिया

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को दतिया में बीजेपी प्रत्याशी आशुतोष तिवारी के समर्थन में चुनावी सभा ली। बसई में लोगों को संबोधित करते हुए शिवराज ने कहा- भाजपा के लिए राजनीति सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि जनता की सेवा और राष्ट्र निर्माण का संकल्प है।

इस दौरान भीड़ से किसी ने 'आई लव यू, मामा' कहा, जिस पर शिवराज ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया- आई लव यू टूब्बबहुत दिनों से आपकी याद आ रही थी। तुमसे मिलने को दिल करता है रे बाबा। केंद्रीय मंत्री ने जनता की तरफ देखते हुए फ्लाइंग किस भी उछाला।



सभा में शिवराज ने कहा- बसई से मेरा विशेष लगाव है। बसई मेरे दिल में बसता है। उन्होंने कहा- 2003 तक ग्वालियर-चंबल डकैतों के आतंक से त्रस्त था। अपहरण, हत्याएं और भय का माहौल आम बात थी। भाजपा सरकार बनने के बाद यह संकल्प लिया गया कि या तो मध्य प्रदेश में डाकू रहेंगे या शिवराज सिंह चौहान। दोनों साथ नहीं रह सकते। एक साल के भीतर अधिकांश डकैत या तो मारे गए, जेल पहुंचे या प्रदेश छोड़कर भाग गए। शिवराज ने सभा के मंच से कहा- कांग्रेस शासन में प्रदेश की सड़कें इतनी खराब थीं कि पता ही नहीं चलता था कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क। उस समय बिजली आती कम और जाती ज्यादा थी। सिंचाई, पेयजल और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं भी बदहाल थीं। भाजपा सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत ढांचे पर विशेष काम किया। बसई में 80 करोड़ रुपए की लागत से सीएम राइज स्कूल बनाया गया, ताकि गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर वर्ग तक पहुंच रहा है। यह विकास का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। लेकिन दतिया में विकास की रफ्तार बनाए रखने के लिए भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी को विजयी बनाना जरूरी है।

## ग्वालियर-चंबल से 14 पुलिसकर्मियों के ट्रांसफर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर दतिया जिले सहित चंबल-ग्वालियर अंचल से 14 इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर के ट्रांसफर किए गए हैं। पुलिस हेडक्वार्टर से जारी आदेश में कहा गया है कि यह कार्रवाई दतिया में निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है।

# नर्मदा में बहा इंदौर का युवक, पत्नी-भाई चीखते रहे

### कुछ सेकेंड में तेज बहाव में ओझल हुआ; महेश्वर घूमने आया था परिवार

ब्रह्मास्त्र ›› महेश्वर

खरगोन जिले के महेश्वर में सहस्त्रधारा घाट पर इंदौर का 30 वर्षीय युवक अर्पित हाड़ा परिवार के सामने नर्मदा की तेज धारा में बह गया। पत्नी और भाई मदद के लिए चीखते रहे। देखते ही देखते वह कुछ ही सेकेंड में ओझल हो गया। घटना रविवार शाम करीब 5 बजे की है। सूचना मिलने पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने सर्चिंग शुरू की। शाम से रात तक पुलिस, होमगार्ड और गोताखोरों ने तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। अब सोमवार सुबह फिर सर्च ऑपरेशन शुरू होगा। घटना का वीडियो भी सामने आया है। अर्पित हाड़ा इंदौर के निपानिया क्षेत्र के रहने वाले थे। वे परिवार के पांच सदस्यों के साथ महेश्वर और आसपास के पर्यटन स्थलों पर घूमने आए थे। महेश्वर दर्शन के बाद शाम करीब 4 से 5 बजे के बीच वे जलकोटी स्थित सहस्त्रधारा पहुंचे। नर्मदा में स्नान के दौरान उनका पैर फिसला और वे गहरे पानी के साथ तेज बहाव में चले गए।



### नदी में उतरने कोई हिम्मत नहीं कर सका

अर्पित को बहता देख उनकी पत्नी और भाई ने शोर मचाकर लोगों से मदद मांगी। आसपास मौजूद नाविक, ग्रामीण और पर्यटक दौड़कर पहुंचे, लेकिन तेज बहाव, गहरे पानी और पथरीले इलाके की वजह से कोई भी नदी में उतरने की हिम्मत नहीं कर सका। कुछ ही सेकेंड में अर्पित तेज धारा में ओझल हो गए। सूचना मिलते ही महेश्वर पुलिस, होमगार्ड की रेस्क्यू टीम और स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंचे। टीम ने नर्मदा के विभिन्न कुंडों और बहाव वाले हिस्सों में देर शाम तक तलाश की, लेकिन अंधेरा होने के कारण ऑपरेशन रोकना पड़ा। थाना प्रभारी जगदीश गोयल ने बताया कि सोमवार सुबह 6 बजे से दोबारा सर्च ऑपरेशन शुरू किया जाएगा।

### पुलिस ने श्रद्धालुओं से की अपील

थाना प्रभारी ने बताया कि जलकोटी-सहस्त्रधारा का इलाका तेज बहाव, गहरे पानी और पथरीले तल के कारण बेहद जोखिम भरा है। उन्होंने पर्यटकों और श्रद्धालुओं से अपील की है कि अनजान या गहरे पानी वाले स्थानों पर स्नान करने से बचें।



## शादी के 2 माह बाद व्यापारी की हत्या, तलवारों से धड़ से अलग कर दिए हाथ

ब्रह्मास्त्र ›› सांची

सांची थाना क्षेत्र में हार्डवेयर व्यापारी राकेश लोधी की शनिवार देर रात दुकान से लौटते समय तीन लोगों ने नृशंस हत्या कर दी। परिवार, रिश्तेदार और कारोबारी परिचित जिस राकेश को शांत स्वभाव, मेहनती और किसी भी विवाद से दूर बताते हैं, उसी पर शादी के बाद लगातार तीन बार हमले हुए। पहले दो प्रयास नाकाम रहे।

शनिवार रात तीसरे हमले में हमलावरों ने ऐसी बर्बरता दिखाई कि राकेश की जान चली गई। सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर ऐसा क्या हुआ, जिसने महज दो महीने पहले शादी के बंधन में बंधे युवक को किसी के निशाने पर ला खड़ा किया।

पुलिस फिलहाल हत्या के कारण पर आधिकारिक तौर पर कुछ भी कहने से बच रही है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार पुलिस शादी के बाद बनी कुछ व्यक्तिगत और पारिवारिक परिस्थितियों सहित सभी संभावित पहलुओं की गहन पड़ताल कर रही है। राकेश सलामतपुर चौराहे पर हार्डवेयर की दुकान चलाता था। परिजन के अनुसार राकेश की शादी 12 मई 2026 को सालेरा निवासी वंदना लोधी से हुई थी। इसके बाद उस पर दो बार हमले हुए । दोनों बार हमलावर सफल नहीं हो सके। बताया जाता है कि एक बार उसकी आंखों में मिर्च पाउडर डालकर हमला करने का प्रयास किया गया था।

## ग्वालियर में हाईवे पर बंदूक दिखाकर ट्रक को रोका

ब्रह्मास्त्र ›› ग्वालियर

ग्वालियर के एबी रोड (आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे) पर रविवार शाम बेखौफ बदमाशों की रंगदारी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक बिना नंबर की सफेद बोलेरो से आए हथियारबंद बदमाशों ने किराना सामान से भरे एक कंटेनर को ओवरटेक कर रोक लिया।

बंदूक की नोक पर रंगदारी मांगने के दौरान जब चालक ने पैसे देने से साफ इनकार कर दिया, तो बदमाशों ने गाड़ी पर राइफल से ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। गोलियों से कंटेनर के पूरे 12 टायर पंक्चर (बर्स्ट) हो गए। इसी समय वहां से पुलिस की पेट्रोलिंग टीम निकली तो बदमाश आरोपी चालक-हेल्पर को जान से मारने और आगे गाड़ी चलाने पर रंगदारी देने की धमकी देकर फरार हो गए। रविवार रात को मामले में पुलिस ने मामला जांच में लेकर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। एक बदमाश की पहचान कल्ली गुर्जर निवासी मुरैना के रूप में हुई है।

भोपाल के नजीराबाद निवासी 24 वर्षीय घनश्याम गुर्जर पिता चंदर सिंह गुर्जर ट्रक चालक है। वह अपने हेल्पर चेतराम तोमर के साथ कंटेनर में दिल्ली से किराना का सामान लादकर भोपाल जा रहा था।

रविवार शाम करीब 6:30 बजे जैसे ही उनका कंटेनर घाटीगांव थाना क्षेत्र के एबी रोड स्थित सिरसा से आगे 'सिंघाईगढ़ा' के पास पहुंचा, तभी पीछे से एक बिना नंबर सफेद रंग की बोलेरो तेज रफ्तार में आई। बोलेरो चालक ने कंटेनर को कट मारकर आगे गाड़ी अड़ा दी और रास्ता पूरी तरह से ब्लॉक कर दिया।

कंटेनर रुकते ही बोलेरो में से तीन अज्ञात हथियारबंद बदमाश नीचे उतरे। आरोपियों के हाथों में राइफलें थीं, जिन्हें देखकर चालक घनश्याम और हेल्पर चेतराम दहशत में आ गए। बदमाशों ने सीधे चालक पर बंदूक तान दी और हाईवे पर गाड़ी निकालने के एवज में रंगदारी (गुंडा टैक्स) की मांग की। चालक घनश्याम ने जब हिम्मत दिखाते हुए रंगदारी देने से इनकार किया, तो आरोपियों ने धमकी दी कि 'अगर इस सड़क पर गाड़ियां चलानी हैं, तो हमें रंगदारी देनी ही पड़ेगी।' इसके बाद बदमाशों ने गाड़ी पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी और एक-एक कर कंटेनर के पूरे 12 टायरों पर राइफल से फायर कर उन्हें ब्लास्ट कर दिया।

## रेत का परिवहन, रोकने पर की मारपीट... तीन ट्रैक्टर जब्त

**सीहोर।** मानसून अवधि में नदियों के पारिस्थितिकी तंत्र को बचाने के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और कलेक्टर बालागुरु के सख्त आदेशों के बावजूद क्षेत्र में अवैध रेत का कारोबार बेधड़क जारी है। रविवार को ग्राम छापरी से निमोटा होते हुए बबलीखेड़ा और सनकोटा जाने वाले मार्ग पर बिना रॉयल्टी रेत ले जा रहे ट्रैक्टर चालकों को जब ग्रामीणों ने रोका, तो विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट की नौबत आ गई। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन या खनिज विभाग की कार्रवाई से पहले ही लोगों तक सूचना पहुंच जाती है।

## मूंग खरीदी पर केंद्र-एमपी सरकार आमने-सामने

### देश का 87% कोटा मध्यप्रदेश से

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मध्य प्रदेश में मूंग खरीदी को लेकर किसानों का आंदोलन तेज होता जा रहा है। नर्मदापुरम, सीहोर, रायसेन, हरदा और आसपास के जिलों में किसान समर्थन मूल्य पर खरीदी नहीं होने से नाराज हैं। इसी बीच केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर स्पष्ट किया है कि प्रदेश को देश में सबसे अधिक मूंग खरीदी का कोटा पहले ही दिया जा चुका है।

इसके बावजूद राज्य सरकार अब तक स्वीकृत मात्रा का महज 2 प्रतिशत ही खरीद सकी है। ऐसे में पहले स्वीकृत लक्ष्य पूरा करने के बाद ही अतिरिक्त कोटे पर विचार किया जाएगा।

तीन दिन पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भेजे गए पत्र में शिवराज सिंह चौहान ने लिखा है कि मुख्यमंत्री ने 21 मई 2026 के अपने लेटर के माध्यम से मूंग खरीदी की मात्रा बढ़ाने का अनुरोध किया था। इसके जवाब में केंद्र ने खरीद के नियमों और प्रदेश की वास्तविक स्थिति स्पष्ट की है।

केंद्र सरकार ने पत्र में कहा है कि 16 जुलाई 2026 तक राज्य में केवल 7,947.92 मीट्रिक टन मूंग की खरीद हो सकी है। इससे लगभग 12 हजार किसानों से ही उपज खरीदी गई, जबकि यह स्वीकृत मात्रा का मात्र 2 प्रतिशत है। केंद्र ने राज्य सरकार से पहले मंजूर मात्रा की खरीदी तेजी से पूरी कराने को कहा है। एमपी में मूंग खरीदी का कोटा 4,54,580 मीट्रिक टन है। 16 जुलाई तक मात्र दो फीसदी ही मूंग खरीद हुई है।

### कोटा पूरा होने के बाद ही बढ़ेगी सीमा

शिवराज सिंह चौहान ने पत्र में स्पष्ट किया है कि पीएसएस (मूल्य समर्थन योजना) के दिशा-निर्देशों के तहत तूर, उड़द और मसूर की 100 प्रतिशत खरीद के अलावा अन्य अधिसूचित फसलों की खरीद अनुमानित उत्पादन के अधिकतम 25 प्रतिशत तक ही की जा सकती है।

### मध्यप्रदेश के 6 जिलों में हैवी रेन का अलर्ट

# स्ट्रॉन्ग सिस्टम से अगले 4 दिन तेज बारिश की चेतावनी; अब तक 13.2 इंच पानी गिरा

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मध्य प्रदेश में स्ट्रॉन्ग मानसूनी सिस्टम एक्टिव है। इस वजह से प्रदेश में फिर से तेज बारिश का दौर शुरू हो गया है। रविवार को पूर्वी हिस्से में तेज बारिश हुई, जबकि सोमवार को 6 जिलों में हैवी रेन यानी, भारी बारिश का अलर्ट है।

मौसम केंद्र भोपाल के मुताबिक, अगले 24 घंटे में उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट में भारी बारिश होने का अनुमान है। वहीं, भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, धार, आलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, उज्जैन, नीमच, आगर-मालवा, मंदसौर, शाजापुर, देवास, रतलाम, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, दतिया, अशोकनगर, मुरैना, भिंड, श्योपुर, जबलपुर, कटनी, छिंदवाड़ा, सिवनी, नरसिंहपुर, पांढुर्णा, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश जारी रहेगी। मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कि प्रदेश से एक मानसून ट्रफ गुजर रही है। वहीं, लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) और डिप्रेशन भी एक्टिव है। आने वाले दिनों में वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी) सक्रिय होगा। इस वजह से 27 से 30 जुलाई के बीच भारी और अति भारी बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग के अनुसार, अब तक प्रदेश में औसत 13.2 इंच (334.9 मिमी) बारिश हुई है।




### प्रदेश के 14 जिलों में तस्वीर बेहतर

प्रदेश के 14 जिलों में बारिश का आंकड़ा प्लस और 41 जिलों में माइनस में है। पूर्वी हिस्से में निवाड़ी ही ऐसा जिला है, जहां औसत से ज्यादा पानी गिरा है। कम बारिश वाले 41 जिलों में अनूपपुर, बालाघाट, छतरपुर, छिंदवाड़ा, डिंडौरी, जबलपुर, कटनी, मैहर, मंडला, मऊगंज, नरसिंहपुर, पांढुर्णा, पन्ना, रीवा, सागर, सतना, शहडोल, सीधी, सिंगरौली, टीकमगढ़, उमरिया, आलीराजपुर, अशोकनगर, बड़वानी, बैतूल, दतिया, धार, गुना, ग्वालियर, झाबुआ, मुरैना, नर्मदापुरम, रायसेन, रतलाम, शाजापुर, श्योपुर, शिवपुरी, खंडवा, खरगोन, उज्जैन और विदिशा शामिल हैं।

### जून के बाद जुलाई में भी आंकड़ा कम

मौसम विभाग के अनुसार, जून में कम बारिश हुई, लेकिन जुलाई की शुरूआती दिनों में तेज बारिश होने से यह बढ़ गया। बाद में लगातार 9 दिन से तेज बारिश नहीं होने से लगातार चौथे दिन से आंकड़ा माइनस में आ गया है। बता दें कि इस महीने पूरे मानसून की एक तिहाई बारिश का ट्रेंड है। जैसे- भोपाल में 39 इंच सामान्य बारिश है तो 14 इंच बारिश जुलाई में होती है। बड़े शहरों में जबलपुर ही ऐसा है, जहां सबसे ज्यादा 17 इंच से ज्यादा बारिश होती है।

## शिकारी तेंदुआ... मुर्गी के लालच में पिंजरे में फंसा:तीन गांव में थी दहशत

ब्रह्मास्त्र ›› पंधाना

एक माह से पंधाना इलाके के तीन गांवों में दहशत फैलाने वाले तेंदुए को वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया। तेंदुए को पकड़ने के लिए 2 पार्टीशन वाला पिंजरा लगाया था।

एक पार्टीशन में मुर्गी छोड़ी गई थी। शनिवार रात मुर्गी के लालच में जैसे ही तेंदुआ उसे लपकने पिंजरे में घुसा तो दरवाजा बंद हो गया। मुर्गी उड़कर दूसरे पार्टीशन में पहुंच गई और बच गई। लेकिन तेंदुआ सलाखों में फंस गया। वन विभाग ने रेस्क्यू कार्य के बाद तेंदुए को जंगल में छोड़ दिया। पंधाना ब्लॉक के जंगल से लगे अंबाखेड़ा, खरखेड़ी व काकोड़ा ग्राम में पिछले चार माह से तेंदुआ दिखाई दे रहा था। एक माह से तेंदुए का मूवमेंट गांव की तरफ



ज्यादा था। वह ग्रामीणों की बकरियां व कुत्तों का शिकार कर रहा था। शनिवार को उसने गाय के एक बछड़े को भी मार दिया था।

खेतों में काम करने वाले किसानों को भी उसने झपटने की कोशिश की थी। अंबाखेड़ा के जंगल में शनिवार रात 10 बजे प्रभारी रेंजर शं?कर सिंह चौहान और टीम ने पिंजरा रखा था । 8-10 शिकायतें आई थी। फिर टीम ने रेस्क्यू कार्य करने के लिए पिंजरा लगाया। जिसमें देर रात तेंदुआ फंस गया।

# अश्लील कंटेंट पर सपना चौधरी के सपोर्ट में उतरे पति



जाट आंदोलन दंगों के भगोड़े धर्मेंद्र हुड्डा की वीडियो के बाद अश्लील कंटेंट विवाद में घिरीं हरियाणवी सिंगर और डांसर सपना चौधरी के समर्थन में उनके पति वीर साहू सामने आए हैं। रोहतक के महम चौबीसी में हुई खाप पंचायत के बाद वीर साहू ने कहा, ₹महम चौबीसी के चबूतरे की अपनी मयार्दा है। यहां आकर अगर कोई निजी खुंदक निकालता है, तो उससे ज्यादा जलील आदमी कोई नहीं हो सकता। खाप के मंच का इस्तेमाल किसी को भी अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए नहीं करना चाहिए। वीर साहू ने कहा कि धर्मेंद्र हुड्डा का सोशल मीडिया पर अपनी बात रखने का एक अलग तरीका रहा है, लेकिन उन्हें अपनी भाषा की मयार्दा बनाए रखनी चाहिए। विरोध करना हर किसी का अधिकार है, लेकिन उसका भी एक तरीका होता है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी धर्मेंद्र हुड्डा से कोई निजी बातचीत या संपर्क नहीं है। धर्मेंद्र हुड्डा ने वीडियो जारी कर सपना चौधरी पर हरियाणा की लड़कियों को बिगाड़ने का आरोप लगाया था। हुड्डा ने कहा था कि हरियाणा में डांस और सोशल मीडिया के जरिए जो अश्लीलता और फूहड़ता फैल रही है, उसके लिए कुछ एक्ट्रेस और डांसर जिम्मेदार हैं। इसके बाद इस मुद्दे पर चर्चा के लिए खापों ने महापंचायत बुलाई थी। सपना चौधरी से जुड़े विवाद पर वीर साहू ने कहा, ₹हमारे बीच प्यार हो, विवाद हो या कोई और बात, वह हमारा निजी मामला है। महादेव और पार्वती के बीच भी विवाद होता था। अब हमारे बीच कोई विवाद है या नहीं, यह भी हमारे बीच की बात है।

# शादी के सवाल पर भड़कीं जैस्मीन भसीन, जब होनी होगी तब पता चल जाएगा

## कहा- लोगों को अपने काम से काम रखना चाहिए

टीवी एक्ट्रेस जैस्मीन भसीन जल्द ही रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' से छोटे पर्दे पर वापसी कर रही हैं। रोहित शेट्टी के होस्ट वाले इस शो के प्रीमियर से पहले जैस्मीन ने एक इंटरव्यू में अपनी शादी की अफवाहों और लगातार पूछे जाने वाले सवालों पर दो टूक जवाब दिया है।

लंबे समय से एक्टर अली गोनी को डेट कर रहीं जैस्मीन ने कहा कि उनकी शादी से किसी का कोई लेना-देना नहीं होना चाहिए। न तो कोई कैटरिंग का बिल भर रहा है और न ही डेकोरेशन का खर्च उठा रहा है।

'न आपको कैटरिंग का बिल देना है, न डेकोरेशन का खर्च' पिंकविला को दिए इंटरव्यू में जैस्मीन भसीन से जब अलि गोनी संग शादी की प्लानिंग के बारे में पूछा गया तो उन्होंने अपनी असहमति जताई। जैस्मीन ने कहा, मुझे लगता है कि किसी को इससे क्या लेना-देना। न तो आपने कैटरिंग का बिल भरना है और न ही शादी की डेकोरेशन का खर्च उठाना है। जब शादी करनी होगी, तब कर लेंगे। लोगों को अपने काम से काम रखना चाहिए।

जैस्मीन ने आगे कहा कि जब भी शादी होगी, सबको अपने आप पता चल जाएगा। यह उनका निजी फैसला है और किसी और को इससे परेशानी नहीं होनी चाहिए।

'शायद लोग अपनी शादी से खुश नहीं हैं' जैस्मीन ने लोगों की इस उत्सुकता पर चुटकी लेते हुए कहा कि कभी-कभी उन्हें इन बातों पर हंसी आती है। उन्होंने कहा, ₹मुझे समझ नहीं आता कि लोग मेरी पर्सनल लाइफ में इतने इंटरेस्टेड क्यों हैं। शायद लोग अपनी शादी से खुश नहीं हैं, इसलिए उन्हें लगता है कि हम क्यों खुश हैं, हमें भी शादी करके परेशान होना चाहिए।₹



जैस्मीन ने कहा कि कुछ लोगों की मानसिकता ऐसी होती है कि वे बार-बार ऐसे सवाल पूछकर दूसरों को परेशान देखना चाहते हैं, लेकिन उन्होंने ऐसे सवालों पर जवाब न देने का मन बनाया हुआ है।

### खतरों के खिलाड़ी 15' से कर रही हैं वापसी

पर्सनल लाइफ के अलावा जैस्मीन भसीन अपने प्रोफेशनल प्रोजेक्ट्स को लेकर भी चर्चा में हैं। वे कलर्स टीवी के पॉपुलर स्टंट बेस्ड रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' में नजर आने वाली हैं। यह शो 1 अगस्त से ऑन-एयर हो रहा है। रोहित शेट्टी इस शो को होस्ट कर रहे हैं। जैस्मीन इससे पहले भी टीवी के कई बड़े रियलिटी शोज और फिक्शन ड्रामा में काम कर चुकी हैं और इस शो से वे एक बार फिर स्क्रीन पर वापसी कर रही हैं।



### 'बिग बॉस 14' के घर से शुरू हुई लव स्टोरी

जैस्मीन भसीन और अली गोनी टीवी इंडस्ट्री के चर्चित जोड़ियों में से एक हैं। दोनों की प्रेम कहानी रियलिटी शो 'बिग बॉस 14' के दौरान शुरू हुई थी। शो में दोनों की दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई और उन्होंने अपने रिश्ते को ऑफिशियल किया था। बिग बॉस के घर से निकलने के बाद भी दोनों कई म्यूजिक वीडियोज में साथ दिखे हैं और लगातार एक-दूसरे के साथ हैं।

## तनिष्क बागची को अमाल की खुली चेतावनी


# बेटा, औकात में रहना



**सिंगर** और कंपोजर अमाल मलिक ने अपने साथी म्यूजिशियन तनिष्क बागची के खिलाफ कुछ तीखे पोस्ट किए थे. उसे उन्होंने डिलीट तो कर दिया है, लेकिन यह भी साफ किया है कि पोस्ट हटाने का मतलब यह नहीं कि वह अपने लगाए गए आरोपों को वापस ले रहे हैं. 26 जुलाई को 'एक्स' पर अमाल ने लिखा, "मैं ये ट्वीट्स सिर्फ और सिर्फ इसलिए डिलीट कर रहा हूं क्योंकि मुझे अपनी टाइमलाइन से कचरा हटाना जरूरी है." उन्होंने आगे कहा कि उन्हें जो करना था वो पहले ही कर चुके हैं और अपनी बात पर आज भी कायम हैं. अमाल ने कहा कि वह पिछले 10 सालों से चुप थे. उन्होंने अपने गुस्से को दबाकर रखा, लेकिन अब उन्होंने म्यूजिक इंडस्ट्री के उन लोगों के खिलाफ आवाज उठाने का फैसला किया है जिन्हें वह घटिया मानते हैं. उन्होंने तनिष्क को खुली चेतावनी देते हुए लिखा, "बेटा, मुझसे तो औकात में ही रहना. लाइफ लॉन्ग वॉर्निंग दे रहा हूं. अब से अगर किसी के साथ भी कुछ गलत किया, तो याद रखना, **मैं फिर वापस आऊंगा तुम्हारी बैंड बजाने."**

### क्या है मामला?


अमाल मलिक ने तनिष्क बागची पर म्यूजिक कॉपी करने और दूसरों के काम का क्रेडिट लेने का आरोप लगाया. उन्होंने यह दावा भी किया कि उन्हें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का नाम लेकर धमकाया जा रहा था. यही नहीं, अमाल ने आरोप लगाया कि तनिष्क ने शादी का वादा करके एक महिला के साथ इमोशनल दुर्व्यवहार किया. फिलहाल, तनिष्क बागची ने इन दावों पर कोई रिएक्शन नहीं दिया.




# पति और बेटी के साथ भारत आईं पीसी

**ग्लोबल** स्टार प्रियंका चोपड़ा लंबे अंतराल के बाद भारतीय सिनेमा में वापसी करने जा रही हैं. वह डायरेक्टर एस.एस. राजामौली की अगली फिल्म 'वाराणसी' में काम कर रही हैं. फिल्म से प्रियंका का लुक पहले ही सामने आ चुका है. फिल्म के प्रोडक्शन का काम जोरदार तरीके से चल रहा है. इस बीच प्रियंका चोपड़ा अपने पति निक जोनास और बेटी मालती मैरी के साथ भारत आ गई हैं. हाल ही में सामने आए एक वीडियो में प्रियंका और उनका परिवार हैदराबाद एयरपोर्ट पर नजर आ रहा है. प्रियंका ब्राउन कलर के को-ऑर्ड सेट में बेहद खूबसूरत लग रही हैं. उन्होंने बेज कैप और ब्लैक सनग्लासेस भी लगा रखे हैं. दूसरी तरफ निक ब्लैक को-ऑर्ड सेट और स्टाइलिश सनग्लासेस में नजर आ रहे हैं. उन्होंने अपनी बेटी मालती मैरी को गोद में लिया हुआ है. बताया जा रहा है कि प्रियंका फिल्म 'वाराणसी' से जुड़े काम की वजह से भारत आई हैं. फिल्म अगले साल 7 अप्रैल को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है. प्रियंका के साथ फिल्म में साउथ के महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन भी लीड रोल में नजर आएंगे.

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## रंग भरकर चित्र बनाओ








## जोक्स


पब्लिक टॉयलेट में लिखा था
'दुनिया चांद पर पहुंच गयी
और तू यहीं पर बैठा है'
पप्पू ने अपना दिमाग लगाया
और नीचे लिखा
'चांद पर पानी नहीं था
इसलिए वापस आ गया'
0000000000

पति- पानी लेके आओ..
पत्नी- क्यों ना आज तुम्हें मटर पनीर
और शाही पुलाव बनाकर खिलाऊं...
पति- वाह वाह...!
मुंह में पानी आ गया..
पत्नी- आ गया ना मुंह में पानी
बस इसी से काम चला लो..
0000000000

## वर्ग पहेली



### वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**

1. परिचय, जानना-2,4
5. वायु रोग-2
7. उत्साह, जिज्ञासा
9. कांटा, शूल
10. पिता, साधू-2
11. योद्धा जाति, राजपूत-3
14. थकान-4
16. मिसाल के तौर पर-4
20. ध्वजा, पताका-3
22. सीमा, बार्डर-2
23. बुरी आदत-2
24. समस्या, मुद्दा-3
27. जोर, दम, ताकत-2
28. दिखावटीपन, आडंबर, -3,3

**ऊपर से नीचे**

1. सीतापति, रामचंद्र-5
2. लम्हा, क्षण-2
3. धोखेबाज, दगाबाज-4
4. नलका, टौंटी-2
6. पुत्र, लड़का-3
8. कमरा, रुम-2
12. तीनों काल-3
13. पार्थिव शरीर, लाश-2
15. कजरा, अंजन-3
17. सच्चाई, सच-2
18. सेंधमार-5
19. पुचकारना, हाथ फेरना-4
20. धोखा, दगा-3
21. जरा, थोड़ा-2
25. सभी, संपूर्ण-2
26. राजेश खन्ना व मुमताज की बेहतरीन फिल्म-2

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | | 2 | | 6 | | 7 | = | 35 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 31 | | 20 | | 35 | | 4 | = | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 33 | | 12 | | 3 | | 14 | = | 10 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 35 | | 7 | | 8 | | 15 | = | 25 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 48 | | 21 | | 36 | | 29 | = | 36/40 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल



शब्दजाल में मनीषा कोइराला की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं

----------------

हिंदुस्तानी, बोंबे, मन, दुश्मनी, सौदागर, क्रिमीनल, यलगार, मिलन, युगपुरुष, खामोशी

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | | 5 | | 1 | 6 |
| | 30 | 2 | 36 | | 32 | |
| 5 | | | 1 | 7 | | 4 |
| 6 | 38 | 4 | 34 | 1 | 26 | 5 |
| 4 | | 5 | 7 | | | 1 |
| | 31 | | 32 | 4 | 30 | |
| 2 | 3 | | 4 | | 6 | 7 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 59 | - | 38 | + | 27 | - | 17 | = | 31 |
| - | ■ | - | ■ | + | ■ | - | ■ | + |
| 35 | + | 15 | - | 25 | + | 17 | = | 42 |
| + | ■ | - | ■ | - | ■ | + | ■ | - |
| 25 | x | 2 | ÷ | 2 | + | 20 | = | 45 |
| - | ■ | + | ■ | - | ■ | - | ■ | + |
| 13 | ÷ | 1 | + | 50 | - | 15 | = | 48 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 36 | - | 22 | - | 0 | - | 5 | = | [illegible] |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 2 | 5 | 7 | 4 | 3 |
| 3 | 32 | 6 | 36 | 2 | 30 | 1 |
| 4 | 3 | 7 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 5 | 26 | 1 | 34 | 4 | 38 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 4 |
| 2 | 30 | 4 | 32 | 3 | 31 | 7 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 | 2 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकु बवाल-

★★★★☆ मध्यम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु बवाल का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## जश्न में डूबे जेन-जी



केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के साथ ही जेन जी और काकरोच जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नीट पेपर लीक को लेकर अहम जीत हासिल की है. हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया है कि संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ है. रविवार को मुंबई की सड़कों पर युवाओं का सैलाब उमड़ पड़ा. 'इंकलाब जिंदाबाद' और 'भारत माता की जय' के साथ सभी ने इस सफलता का जश्न मनाया.

# होर्मुज में तेल टैंकर समुद्री माइन से टकराया, जहाज में आग लगी, जंग शुरू होने के बाद पहला ऐसा हादसा

ब्रह्मास्त्र ›› ईरान

होर्मुज स्ट्रेट में एक तेल टैंकर समुद्री माइन से टकरा गया, जिसके बाद उसमें आग लग गई। ईरानी न्यूज एजेंसी तस्नीम के मुताबिक, यह टैंकर तेहरान की ओर से तय किए गए समुद्री मार्ग से अलग रास्ते से जा रहा था, जिसके बाद वह बारूदी सुरंग से टकरा गया।

ईरान पहले भी कई बार चेतावनी दे चुका है कि अगर कोई जहाज उसकी ओर से तय किए गए मार्ग से हटकर चलेगा, तो उसके परिणाम की जिम्मेदारी उसी की होगी। फिलहाल इस घटना पर ईरानी अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। नुकसान या हताहतों को लेकर भी अभी कोई पुष्टि नहीं हुई है। अमेरिका और ईरान के बीच फरवरी से जंग शुरू होने के बाद यह पहली बार है कि इस तरह कोई जहाज समूद्री नेवल माइन से टकराया हो। होर्मुज स्ट्रेट में ईरान ने यह समूद्री माइन बिछाई थी, जिसे सीजफायर के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हटाने का आदेश दिया था।



### तेल की कीमतों में 5% से ज्यादा गिरावट

अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच रविवार को कच्चे तेल की कीमतों में पांच प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड करीब 5.7% गिरकर लगभग 91.30 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जबकि अमेरिकी क्रूड 5.4% टूटकर 84.43 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका और ईरान के बीच फिर से बढ़े तनाव का असर फारस की खाड़ी (पर्शियन गल्फ) क्षेत्र पर पड़ा है। इसके चलते स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से होने वाली आवाजाही धीमी हुई है। यह समुद्री मार्ग दुनिया की कुल तेल आपूर्ति का करीब 20 प्रतिशत हिस्सा संभालता है।

**हूती विद्रोहियों का सऊदी अरब की रिफाइनरी पर हमलाः** हूती विद्रोहियों ने दावा किया है कि उन्होंने शनिवार को सऊदी अरब के जजान स्थित सऊदी अरामको रिफाइनरी पर 3 बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया है। जजान रिफाइनरी को सऊदी अरब की पांचवीं सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी माना जाता है।

**ईरान की फायरिंग के बाद 4 जहाजों ने बदला रास्ताः** ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (क्रक्कु) ने दावा किया है कि उसकी नौसेना ने पिछले 24 घंटे में होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की कोशिश कर रहे चार जहाजों पर चेतावनी के तौर पर फायरिंग की। इसके बाद चारों जहाजों ने अपना रास्ता बदल लिया।

**ईरान में पेट्रोल महंगा करने पर विचारः** ईरान सरकार पेट्रोल की खपत को कंट्रोल करने के लिए पेट्रोल को महंगा कर सकती है। सरकार के मुताबिक, अभी इस पर विचार कर रही है कि बदलाव कैसे लागू किए जाएं।

**अमेरिका ने ईरान पर हमला रोकाः** अमेरिका ने शुक्रवार रात ईरान पर हमला नहीं किया। इससे पहले वह लगातार 13 दिनों तक हर रात ईरान के सैन्य ठिकानों पर हमला कर रहा था।

# जराइली पीएम नेतन्याहू आज अमेरिका के लिए रवाना होंग, जंग के बाद पहली बार ट्रम्प से मुलाकात करेंगे

### ट्रम्प बोले- अमेरिका के पास हथियारों की कमी नहीं

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सोमवार को अमेरिका रवाना होंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक, वह मंगलवार को राष्ट्रपति ट्रम्प से मुलाकात करेंगे। इसी दिन वह दिवंगत अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम के अंतिम संस्कार में भी शामिल होंगे।

नेतन्याहू और ट्रम्प की यह मुलाकात फरवरी के बाद पहली आमने-सामने की बैठक होगी। दोनों नेताओं की आखिरी मुलाकात ईरान युद्ध शुरू होने से पहले हुई थी। यह बैठक ऐसे समय हो रही है, जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव फिर बढ़ गया है।

इजराइल को आशंका है कि तेहरान अपने हमलों का दायरा बढ़ाकर इजराइल को भी सीधे निशाना बना सकता है। इसी संभावना को देखते हुए इजराइल हाई अलर्ट पर है।

इस बीच, ईरान और अमेरिका ने हमले रोक दिए है। दोनों देशों के बीच 3 दिनों से हमले बंद है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वॉल्ट्ज के मुताबिक, ट्रम्प ने कूटनीतिक बातचीक का मौका देने के लिए फिलहाल हमले रोक दिए हैं। वहीं ईरान ने कहा कि अमेरिका की ओर से हमला नहीं होने के बाद उसने भी क्षेत्र में जवाबी कार्रवाई रोक दी है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हथियारों की कमी की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि अमेरिका के पास दुनिया के किसी भी देश से ज्यादा हथियार हैं। उन्होंने कहा कि इंटरसेप्टर मिसाइलों की कमी की खबरें गलत हैं और अमेरिकी सेना के पास हर मिशन के लिए पर्याप्त संसाधन मौजूद हैं।



ट्रम्प का यह बयान न्यूयॉर्क टाइम्स और वॉल स्ट्रीट जर्नल की उन रिपोर्ट्स के बाद आया है, जिनमें दावा किया गया था कि ईरान के खिलाफ अभियान लंबा खिंचने पर पैट्रियट इंटरसेप्टर मिसाइलों का भंडार तेजी से घट रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन केन ने भी इस पर चिंता जताई थी।

### एलओसीः 7 माह में ही 4 लाख पर्यटक पहुंचे

ब्रह्मास्त्र ›› पहलगाम

एलओसी (लाइन ऑफ कंट्रोल) पर बसे 3770 की आबादी वाले केरन गांव में रोज 3000 पर्यटक पहुंच रहे हैं। गुरेज, तंगधार, टीटवाल, उरी और तुलैल घाटी के गांवों में खुले होमस्टे भर चुके हैं और किशनगंगा नदी के किनारे लगाए गए टेंट में अब जगह नहीं बची है। एलओसी कश्मीर का नया पर्यटन केंद्र बन गया है। यहां 7 साल में पर्यटकों की संख्या 51 गुना बढ़ गई है। जहां 2020 में यहां सिर्फ 7900 पर्यटक आए थे, वहीं इस साल अब तक 4 लाख पर्यटक पहुंच चुके हैं। उम्मीद है कि साल खत्म होते-होते यह संख्या 7 लाख पार कर जाएगी। जबकि अब तक यहां सबसे ज्यादा पर्यटकों का रिकॉर्ड 2024 में था, तब यहां 3.43 लाख पर्यटक आए थे। जहां कभी गोलियां चलती थीं, वहां यह बदलाव भारत-पाकिस्तान के बीच फरवरी 2021 में सीजफायर एग्रीमेंट के बाद आना शुरू हुआ है।

# नेपाल में 25 हजार तक के भारतीय नोट ले जाने की मंजूरी, 200 और 500 के नए नोट ही मान्य

ब्रह्मास्त्र ›› काठमांडू

नेपाल ने भारतीय और नेपाली नागरिकों को 9 नवंबर 2016 के बाद जारी 200 और 500 के भारतीय नोट, अधिकतम 25,000 तक नेपाल लाने और ले जाने की अनुमति दे दी है। नेपाल राष्ट्र बैंक ने नई अधिसूचना जारी कर नियमों को स्पष्ट किया है। केंद्रीय बैंक के अनुसार, 8 नवंबर 2016 से पहले जारी 500 और 1,000 के पुराने भारतीय नोटों पर प्रतिबंध पहले की तरह जारी रहेगा। वहीं, नेपाली नागरिक भारतीय मुद्रा केवल भारत से ही नेपाल ला सकेंगे और नेपाल से किसी तीसरे देश में नहीं ले जा सकेंगे। प्रवक्ता गुरु प्रसाद पौडेल ने कहा कि नए नियम से नेपाल आने वाले भारतीय पर्यटकों और भारत के साथ व्यापार करने वाले नेपाली नागरिकों को सुविधा मिलेगी। अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि नेपाली नागरिक और विदेशी यात्री बिना कस्टम घोषणा के 5,000 अमेरिकी डॉलर या उसके बराबर विदेशी मुद्रा नेपाल ला सकते हैं। इससे अधिक राशि होने पर कस्टम में घोषणा करना अनिवार्य होगा।

## जर्मनी में प्राइड परेड पर हमला, वैन से भीड़ को कुचला; 1 की मौत, 16 घायल, आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

जर्मनी की राजधानी बर्लिन में प्राइड परेड के दौरान शनिवार रात एक वैन भीड़ में घुस गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 16 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच जारी है। पुलिस के मुताबिक, सफेद वैन टियरगार्टन पार्क के पास उस इलाके में घुसी, जहां से कुछ देर पहले प्राइड परेड निकली थी। कई लोगों को टक्कर मारने के बाद वैन एक पेड़ से टकरा गई। घायलों में कुछ की हालत गंभीर है। घटना के बाद प्राइड कार्यक्रम और कॉन्सर्ट रद्द कर दिए गए। जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्च ने मामले की पूरी जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया। वहीं, बर्लिन के मेयर काई वेगनर ने इसे समाज पर हमला बताया।

## लिव-इन रिलेशनशिप पर बोले भागवत.. इसमें कोई जिम्मेदारी नहीं होती, विवाह जीवन में अनुशासन लाता है

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि विवाह जीवन में अनुशासन लाता है और धर्म व जिम्मेदारी का भाव पैदा करता है। इसके विपरीत लिव-इन रिश्तों में लोग जिम्मेदारी से बचकर केवल सुख चाहते हैं।

उन्होंने सवाल किया कि इसके परिणाम क्या हैं? लोग जिम्मेदारी नहीं चाहते, सिर्फ खुशी चाहते हैं। जब तक मन करे साथ रहो और जब मन न करे तो अलग हो जाओ। इसमें कोई जिम्मेदारी नहीं होती।

ऐसे रिश्तों के नतीजे पूरी दुनिया देख रही है। रविवार को हैदराबाद में विश्व मंगल्य सभा के समकालीन मातृत्व कार्यक्रम में बोलते हुए भागवत ने कहा कि समय के साथ बदलना भी भारतीय परंपरा का हिस्सा है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि एलजीबीटीक्यू समुदाय पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि वे हमारे समाज का ही हिस्सा हैं और उन्हें हीन भावना से नहीं देखा जाना चाहिए।

भागवत ने कहा कि ऐसे लोग भी हमारे समाज में मौजूद हैं। इनमें से कुछ जन्मजात होती हैं, जिन्हें प्रकृति तय करती है। ऐसे मामलों में न तो संबंधित व्यक्ति और न ही कोई दूसरा कुछ कर सकता है, क्योंकि वे जन्म से ही ऐसे होते हैं।

वहीं, कुछ बाद में मानसिकता या शारीरिक झुकाव के कारण सामने आती हैं. उन्होंने कहा कि जब पूरी दुनिया में ऐसे लोग मौजूद हैं तो यह नहीं कहा जा सकता कि भारत में ऐसा कभी नहीं रहा।हमारे समाज में भी ऐसे लोग पहले से मौजूद रहे हैं और हमारी परंपरा ने उनके अस्तित्व को स्वीकार किया है।

भागवत ने माता-पिता को मोबाइल फोन के इस्तेमाल में अनुशासन बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी के बच्चों के सवालों के जवाब देने और परिवार से जुड़े मुद्दों को सुलझाने के लिए सदस्यों के बीच आपसी बातचीत बहुत जरूरी है। माता-पिता से बच्चों को डांटने के बजाय उन्हें समझें और प्यार से बातचीत करें। बच्चों में अच्छे संस्कार विकसित करने के लिए उनके साथ समझदारी से पेश आना जरूरी है।

## 3 जजों पर इस्तीफे का दबाव बना रहे बालेन शाह

ब्रह्मास्त्र ›› काठमांडू

नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह की सरकार पर सुप्रीम कोर्ट को अपने पक्ष में करने की कोशिश के आरोप लगे हैं। तीन अंतरराष्ट्रीय संगठनों एमनेस्टी इंटरनेशनल, ह्यूमन राइट्स वॉच और इंटरनेशनल कमीशन ऑफ ज्यूरिस्ट्स ने संयुक्त बयान जारी कर यह आरोप लगाए हैं।

संगठनों का कहना कि सरकार तीन वरिष्ठ न्यायाधीशों पर इस्तीफा देने का दबाव बना रही है। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ महाभियोग लाया जा सकता है। संगठनों का कहना है कि सरकार का मकसद सुप्रीम कोर्ट की संरचना बदलना है। उनका आरोप है कि हाल के महीनों में ऐसे कई कदम उठाए गए हैं जिनसे अदालत की स्वतंत्रता कमजोर हो सकती है और संवैधानिक मामलों की सुनवाई प्रभावित हो सकती है। बयान में मनोज कुमार शर्मा को नेपाल का मुख्य न्यायाधीश बनाए जाने पर भी सवाल उठाए गए हैं। शर्मा उस समय वरिष्ठता क्रम में चौथे स्थान पर थे। उनसे सीनियर तीन न्यायाधीश को नजरअंदाज कर दिया गया। इसी वजह से विवाद शुरू हुआ।

# लोकसभा में पेपर लीक से जुड़ा बिल आएगा, जितेंद्र सिंह पेश करेंगे; 2024 में बने कानून में बदलाव होंगे

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और छात्र आंदोलन खत्म होने के 2 दिन बाद आज संसद में पेपर लीक की रोकथाम से जुड़ा बिल पेश किया जाएगा। इस बिल का नाम 'सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026' है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह लोकसभा में बिल पेश करेंगे।

इस बिल के जरिए 2024 में बने कानून में बदलाव किए जाएंगे। आरोपियों के खिलाफ कड़ी सजा और भारी जुमार्ने का प्रावधान होगा। राज्य सरकारें और केंद्र शासित प्रदेश विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट बना सकेंगे। इन अदालतों में रोजाना सुनवाई होगी। इस बिल का ऐलान पीएम मोदी ने 23 जुलाई की रात ढाई मिनट का वीडियो मैसेज जारी किया था। मोदी ने कहा था कि पेपर लीक कोई मामूली विषय नहीं है। लाखों छात्रों, उनके माता-पिता के लिए पीड़ादायक है। इसके खिलाफ कठोर कदम उठाए

### मौजूदा पेपर लीक रोकने का कानून, 4 पॉइंट

1. जून 2024 तक पेपर लीक के लिए कोई एक सेंट्रल कानून नहीं था। धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और जालसाजी जैसी धाराओं में मुकदमा दर्ज होता था। इनमें जमानत की कोई सख्त शर्तें नहीं हैं।
2. कुछ राज्यों ने अलग से नकल-विरोधी भी कानून बनाए, मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट भी शामिल किया। उत्तर प्रदेश में कुछ मामलों में गैंगस्टर एक्ट भी लगाया गया।
3. एग्जाम में धांधली के बाद 21 जून 2024 को केंद्र सरकार ने सार्वजानिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम लागू किया। इसमें पेपर लीक, मदद करना, गलत तरीके से डटफ शीट हासिल करना, नकल करवाना, एग्जाम से जुड़ी फर्जी वेबसाइट बनाने या परीक्षक को धमकी को सजा के दायरे लाया गया।
4. ये सभी अपराध गैर-जमानती हैं, इनमें दो कैटेगरी में सजा का प्रावधान है।

पहला- पेपर लीक वगैरह करने पर 3 से 5 साल की सजा और 10 लाख तक का जुमार्ना हो सकता है। दूसरा- एग्जाम करवाने वाली संस्था या एजेंसी के डायरेक्टर या मैनेजमेंट के ऑफिसर्स ने कोई अपराध किया, तो 3 से 10 साल तक की जेल और एक करोड़ का जुमार्ना।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 25 जुलाई को कहा था कि हम पेपर लीक से जुड़े बिल को लेकर बैठक करेंगे। बिल पर क्या स्टैंड होगा, यह आपस में चर्चा करके तय करेंगे।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा- यह किसी दल विशेष का नहीं बल्कि देश के करोड़ों युवाओं और छात्रों के भविष्य का मुद्दा है। पेपर लीक जैसी घटनाओं को रोकने के लिए सरकार की सीधी जिम्मेदारी बनती है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- जब संसद चल रही होती है तो प्रधानमंत्री को संसद के पटल पर बयान देना होता है, देर रात एक वीडियो बनाकर, संसद के बाहर एकतरफा मन की बात नहीं करनी होती।

# दावा- हूती विद्रोहियों का सऊदी अरब की रिफाइनरी पर हमला

## 3 बैलिस्टिक मिसाइलों से अरामको को निशाना बनाया, यह देश की 5वीं सबसे बड़ी ऑयल फैसिलिटी

ब्रह्मास्त्र ›› सऊदी अरब

हूती विद्रोहियों ने दावा किया है कि उन्होंने शनिवार को सऊदी अरब के जजान स्थित सऊदी अरामको रिफाइनरी पर 3 बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया है। जजान रिफाइनरी को सऊदी अरब की पांचवीं सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी माना जाता है। इसकी क्षमता प्रतिदिन करीब 4 लाख बैरल कच्चे तेल को प्रोसेस करने की है। यह लाल सागर के किनारे स्थित होने के कारण सऊदी अरब के ऊर्जा और तेल निर्यात नेटवर्क का अहम हिस्सा है।

यह हमला ऐसे समय हुआ है जब सऊदी अरब ने हाल ही में यमन में हूती ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। इसके जवाब में हूतियों ने सऊदी के एनर्जी एन्फ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाने का दावा किया है। हमले के बाद सोशल मीडिया पर रिफाइनरी से आग और धुएं के वीडियो सामने आए हैं। हालांकि, अभी तक सऊदी सरकार या अरामको ने रिफाइनरी पर सीधे मिसाइल लगने या किसी बड़े नुकसान की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।



द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान अपनी 'खैबर शेकन' बैलिस्टिक मिसाइल को लगातार अपग्रेड कर रहा है ताकि वह दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम को आसानी से चकमा दे सके।

रिपोर्ट के मुताबिक, लगभग 1,450 किलोमीटर तक मार करने वाली यह मिसाइल इजराइल और खाड़ी के कई देशों तक पहुंच सकती है। इसका एक बड़ा फायदा यह है कि इसे कम समय में तैनात और लॉन्च किया जा सकता है, जिससे इसे दुश्मन के हवाई हमलों से बचाना आसान हो जाता है।

### रिपोर्टः मुजतबा परमाणु हथियार बनाने के पक्ष में

अमेरिकी खुफिया एजेंसियों का आकलन है कि ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई अपने पिता की तुलना में परमाणु हथियार विकसित करने के पक्ष में ज्यादा झुकाव रखते हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह आकलन मौजूदा युद्ध शुरू होने से पहले तैयार किया गया था और इसमें कई खुफिया स्त्रोतों का इस्तेमाल किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि पश्चिमी देशों की खुफिया एजेंसियां लंबे समय से ईरान के इस दावे पर संदेह जताती रही हैं कि उसका परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण है। वहीं, इजराइल का आरोप है कि ईरान पिछले कुछ वर्षों में परमाणु हथियार बनाने की दिशा में ठोस कदम उठा चुका है। अमेरिकी आकलन के मुताबिक, ईरान के भीतर अब ऐसे गुटों का प्रभाव बढ़ रहा है

■ वर्ष-12 अंक-264 मूल्य- 2 रु.   मध्यप्रदेश   छत्तीसगढ़   गुजरात   महाराष्ट्र   राजस्थान   उत्तरप्रदेश   उत्तरांचल   मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

## सुभाषितानि

**अहमात्मा गुडाकेश सर्वभूताशयस्थितः।**
**अहमादिश्च मध्यं च भूतानामन्त एव च॥**

**भावार्थ** : मैं सब भूतों के हृदय में स्थित सबका आत्मा हूँ तथा संपूर्ण भूतों का आदि, मध्य और अंत भी मैं ही हूँ।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 27 जुलाई, 2026

**कथं विद्यामहं योगिंस्त्वां सदा परिचिन्तयन्।**
**केषु केषु च भावेषु चिन्त्योऽसि भगवन्मया॥**

**भावार्थ** : हे योगेश्वर! मैं किस प्रकार निरंतर चिंतन करता हुआ आपको जानूँ और हे भगवन्! आप किन-किन भावों में मेरे द्वारा चिंतन करने योग्य हैं?

## सम्पादकीयम्

### तालीवादनं भवति

सः गणितविरामैः, आनन्देन च कथां कथयति, प्रेक्षकाः च विनोदे सम्मिलिताः भवन्ति। तालीवादनं भवति, हास्यं च प्रतिध्वनितम्-यथा तेजस्वी मुष्टिरेखा प्रदत्ता, अथवा सः स्वस्य पुरुषत्वस्य सजीवप्रदर्शनं प्रदर्शयति इव। संवेदनशीलता हसने नष्टा वास्तविकः प्रश्नः न तु कथं सः उक्तवान्, अपितु कथं सः एतावत् सहजतया सर्वं वक्तुं समर्थः अभवत्। सः आत्मविश्वासः तस्य स्वकीयः नासीत्; तत् एकस्मात् वातावरणात् उत्पन्नम् यत्र तस्मै निरन्तरं शिक्षितं यत् स्त्रियाः विषये हास्यं क्रैक करणं सामान्यम् अस्ति, तेषां अस्तित्वस्य मापनं 'व्ययः वर्सेस् रिटर्न् इति दृष्ट्या सामान्यम् अस्ति, तेषां गौरवस्य हसनेन निराकरणं सामान्यम् इति च बाल्यकालात् एव अग्रे प्रेषितानां हास्यानां सम्मुखीभवति-स्त्रीणां व्ययकारिणः वा धूर्ताः वा इति चित्रणं भवति; स एव हास्यः–यत्र स्त्रियाः शरीरं, रूपं च सुलभतमं मुष्टिरेखारूपेण कार्यं करोति; तथा च तानि एव अश्लीलवचनानि–यत्र मातरः भगिन्यः च सुलभतमाः लक्ष्याः भवन्ति। क्रमेण एतत् एतावत् सामान्यं भवति यत् किं दोषं 'सामान्यम्' इति रेखा धुन्धलं भवति, अन्तधानं च भवति। यदा अपमानः 'सामग्री' भवति। अस्माकं परितः प्रतिदिनं एतत् भवति। यदि कोऽपि व्यत्ययस्य साहसं करोति तर्हि एतेषां व्यक्तिनां सज्जः प्रतिवचनं भवति यत् किमर्थं त्वं किमपि न कृत्वा महत् कार्यं करोषि, मनुष्य?

#### यदि नवीकरणीयस्रोतानां विद्युत्प्रयोगेन जलवायुः उत्पद्यते

## पारम्परिकजीवाश्म-इन्धनेषु अवलम्बते तर्हि समग्ररूपेण कार्बनपदचिह्नं भिन्नं भवितुम् अर्हति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

यदि नवीकरणीयस्रोतानां विद्युत्प्रयोगेन जलवायुः उत्पद्यते तर्हि तस्य नाम हरितजलवायुः इति भवति, पर्यावरणस्य अधिकं लाभं च ददाति। तद्विपरीतम् यदि उत्पादनं पारम्परिकजीवाश्म-इन्धनेषु अवलम्बते तर्हि समग्ररूपेण कार्बनपदचिह्नं भिन्नं भवितुम् अर्हति। अतः भारतस्य लक्ष्यं केवलं हाइड्रोजन-रेलयानानां संचालनं न अपितु हरित-हाइड्रोजन-उत्पादनस्य सम्पूर्ण-मूल्य-शृङ्खलायाः विकासः एव।

रेलवे-अधिकारिणः मन्यन्ते यत् एषा परियोजना भविष्याय नूतनाः सम्भावनाः उद्घाटयिष्यति। हाइड्रोजन-आधारित-रेल-सेवाः तेषु क्षेत्रेषु व्यवहार्य-विकल्पः भवितुम् अर्हन्ति यत्र उपरि विद्युत्-रेखाः स्थापनं निषेधात्मकरूपेण महत् वा तकनीकीदृष्ट्या चुनौतीपूर्णं वा भवति दूरस्थेषु, पर्वतीयेषु, न्यूनयातायातयुक्तेषु वा रेलमार्गेषु एषा प्रौद्योगिकी विशेषतया उपयोगी सिद्धा भवितुम् अर्हति। डीजल-इञ्जिनेषु निर्भरतां न्यूनीकर्तुं स्वच्छतरयानस्य प्रवर्धनं च कर्तुं साहाय्यं करिष्यति। अस्य अभावेऽपि जलवायुप्रौद्योगिकी सम्प्रति आर्थिकदृष्ट्या चुनौतीपूर्णा एव अस्ति। एकस्य हाइड्रोजन-रेलयानस्य निमार्णे ८० कोटिपर्यन्तं व्ययः भविष्यति इति अनुमानितम् अस्ति। तदतिरिक्तं हाइड्रोजन-उत्पादनस्य, भण्डारणस्य, परिवहनस्य, ईंधन-पूरणस्थानानां च आधारभूतसंरचनायाः विकासाय महत्त्वपूर्णनिवेशस्य आवश्यकता वर्तते। सम्प्रति हरितहाइड्रोजनस्य व्ययः विद्युत्-डीजलयोः मूल्यात् अधिकः अस्ति। फलतः विशेषज्ञाः तत् तत्कालीनकालस्य कृते न्यूनलाभस्य परिवहनसमाधानस्य




अपेक्षया भविष्यस्य कृते रणनीतिकप्रौद्योगिकीरूपेण पश्यन्ति।

आर्थिकविशेषज्ञाः वदन्ति यत् परियोजनायाः उद्देश्यं रेलभाडां तत्क्षणं न्यूनीकर्तुं न भवति। निकटभविष्यत्काले यात्रिकाणां सस्तानां टिकटानां लाभस्य सम्भावना अल्पा एव दृश्यते। परन्तु यदि आगामिषु वर्षेषु हरित-हाइड्रोजनस्य बृहत्-परिमाणेन उत्पादनं आरभ्यते, तस्य व्ययः च महती न्यूनीभवति तर्हि परिचालनव्ययस्य नियन्त्रणे स्थापयितुं साहाय्यं कर्तुं शक्नोति एतेन दीर्घकालं यावत् रेलमार्गस्य ऊर्जाव्ययः अधिकस्थिरः भवितुम् अर्हति। अस्याः परियोजनायाः लाभः रेलमार्गात् अपि परं विस्तृतः भविष्यति इति विशेषज्ञाः मन्यन्ते। भारतेन २०७० तमवर्षपर्यन्तं शुद्धशून्य उत्सर्जनं प्राप्तुं लक्ष्यं निर्धारितम् अस्ति। इस्पात, उर्वरकं, भारी परिवहनं, जहाजयानं, अन्येषु ऊर्जा-प्रधान-उद्योगेषु इत्यादिषु क्षेत्रेषु एतस्य लक्ष्यस्य साकारीकरणे हरित-हाइड्रोजनस्य महत्त्वपूर्णा भूमिका भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति यदि भारतं एतस्मिन् प्रौद्योगिक्यां निपुणतां प्राप्नोति तर्हि प्राप्तः अनुभवः भविष्ये अन्येषां उद्योगानां कृते अपि बहुमूल्यः सिद्धः भवितुम् अर्हति। ...सिद्धं भविष्यति। एतेन देशस्य अन्तः नूतनानां औद्योगिकक्षमतानां विकासः भविष्यति, आयातितजीवाश्म-इन्धनस्य उपरि निर्भरतां न्यूनीकरिष्यते, ऊर्जासुरक्षा च सुदृढा भविष्यति। पर्यावरणविशेषज्ञानाम् अनुसारं हाइड्रोजनरेलयानानि यात्रिकाणां कृते शान्ततरं सवारीं, स्वच्छतरं वातावरणं, आधुनिकयात्रानुभवं च दातुं शक्नुवन्ति। तदतिरिक्तं एतेन रेलमार्गेभ्यः स्वस्य ऊर्जास्रोतानां विविधतां कर्तुं अवसरः प्राप्यते। परियोजना घरेलु-उद्योगानाम् कृते ईंधनकोशिका, हाइड्रोजन-भण्डारण-प्रणाली, विशेष-टङ्की, सुरक्षा-उपकरणम्, अन्य-उन्नत-प्रौद्योगिकी च निमार्तुं नूतनानि मार्गाणि अपि निमार्तुम्।

#### जलवितरणव्यवस्थां प्रौद्योगिकीरूपेण

## सुदृढां कर्तुं प्रायः ५,००० स्मार्टजलमीटं स्थापिताः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

योजनायाः समाप्तेः अनन्तरं ११३,९२६ नूतनानि घरेलुजलसंयोजनानि प्रदत्तानि भविष्यन्ति। एतेन नगरे नलसंयोजनानां कुलसंख्या प्रायः २.९० लक्षं यावत् वर्धते, येन सहस्राणि परिवाराः प्रथमवारं नियमितजलप्रदायस्य लाभं प्राप्नुयुः

जलवितरणव्यवस्थां प्रौद्योगिकीरूपेण सुदृढां कर्तुं प्रायः ५,००० स्मार्टजलमीटं स्थापिताः भविष्यन्ति। तदतिरिक्तं पञ्चजलाशयानाम् कृते -आधारितनिरीक्षणप्रणाली विकसिता भविष्यति, येन जलप्रदायस्य ऑनलाइननिरीक्षणं जलस्य अपव्ययस्य प्रभावी नियन्त्रणं च सक्षमं भविष्यति। नागरिकेभ्यः उच्चगुणवत्तायुक्तस्य पेयजलस्य निरन्तरं आपूर्तिः सुनिश्चित्य विद्यमानजलशुद्धिकरणसंस्थानानां आधुनिकीकरणं अपि भविष्यति।

सीवरेज-परियोजनायाः अन्तर्गतं नगरं षट्-क्षेत्रेषु विभक्तम् अस्ति। अत्यन्तं महत्त्वपूर्णः विस्तारः अञ्चल-६ मध्ये भविष्यति, यत्र प्रथमवारं ५५ ग्रामाः मुख्यमलजलजालेन सह सम्बद्धाः भविष्यन्ति। प्रायः ३०० किलोमीट यावत् सीवररेखाः स्थापिताः भविष्यन्ति, ३७,००० तः अधिकाः नूतनाः गृहेषु सीवर-संयोजनानि च प्रदत्तानि भविष्यन्ति। अपि च, अष्टौ नवीनाः मलजलशुद्धिकरणसंस्थानानि स्थापितानि भविष्यन्ति, येषां प्रत्येकस्य क्षमता २०.५० एमएलडी भवति। मलजलप्रबन्धनं अधिकं प्रभावी वैज्ञानिकदृष्ट्या च ध्वनिं कर्तुं षट् जैव-पाचक-यंत्राणि १८ आधुनिक-डी-स्लजिंग-वाहनानि च क्रियन्ते। परियोजनायाः प्रत्यक्षं लाभः प्रायः १.८६ लक्षं जनानां भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति। उपचारित-अपशिष्टजलस्य उपयोगः सिञ्चन-उद्यान-आदि-सार्वजनिक-कार्ययोः कृते भविष्यति, येन भूजल-संरक्षणं प्रवर्धितं भविष्यति, सकारात्मकं पर्यावरण-प्रभावं च सृज्यते नगरे जलप्रवाहः, प्रदूषणं, अस्वच्छता इत्यादीनां विषयाणां महत्त्वपूर्णं न्यूनीकरणाय अपि साहाय्यं करिष्यति।

## धर्मेन्द्रप्रधानस्य त्यागपत्रं स्वीकृतवान् प्रल्हाद जोशी ने शिक्षा मन्त्रालय का प्रभार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

धर्मेन्द्रप्रधानस्य शिक्षामन्त्रीपदत्यागस्य अनन्तरं प्रल्हदजोशी इत्यस्मै तावत्पर्यन्तं शिक्षामन्त्रालयस्य उत्तरदायित्वं न्यस्तम् अस्ति। राष्ट्रपतिः द्रौपदी मुर्मूः प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदी इत्यस्य सल्लाहेन धर्मेन्द्रप्रधानस्य त्यागपत्रं स्वीकृतवान्। तत्सङ्गमे केन्द्रसर्वकारेण शिक्षामन्त्रालयस्य अतिरिक्तप्रभारः वरिष्ठकेन्द्रीयमन्त्री प्रल्हदजोशी इत्यस्मै नियुक्तः अस्ति। राष्ट्रपतिभवनस्य आधिकारिकविज्ञप्त्यानुसारं राष्ट्रपतिः प्रधानमन्त्रिणः सल्लाहेन धर्मेन्द्रप्रधानस्य त्यागपत्रं स्वीकृतवान्। ततः परं निर्देशः दत्तः यत् केन्द्रीयमन्त्री प्रल्हादजोशी शिक्षामन्त्रालयस्य अतिरिक्तकार्यभारं स्वस्य विद्यमानमन्त्रिविभागैः सह सम्पादयिष्यति।

## राशिफल

**मेष** : काम की चुनौतियों का सामना आत्मविश्वास से करें। जिम्मेदारियों को सावधानी से संभालें।

**वृषभ** : दिन सामान्य रहेगा। काम पर फोकस करें। ऑफिस में बेवजह के वाद-विवाद से दूर रहें।

**मिथुन** : लव लाइफ अच्छी रहेगी। रिलेशनशिप की दिक्कतें कम होंगी। नौकरी तलाशने वालों को कॉल आ सकता है।

**कर्क** : आर्थिक मामलों में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

**सिंह** : भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। रुका हुआ धन वापस मिल सकता है।

**कन्या** : काफी समय से रुके काम पूरे होंगे। पैसों की स्थिति सुधरेगी। दुश्मनों पर जीत और ऑफिस में प्रमोशन के योग हैं।

**तुला** : काम की जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। जीवनसाथी से हल्की अनबन हो सकती है, इसलिए भावनाओं और गुस्से पर काबू रखें।

**वृश्चिक** : स्टूडेंट्स को सफलता मिलने के आसार हैं। नौकरी में प्रमोशन और नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं।

**धनु** : कामकाज में नई उपलब्धियां हासिल होंगी। वाणी में मिठास आएगी। बच्चों की सेहत का ध्यान रखें।

**मकर** : आज गुस्से पर नियंत्रण रखें। आपके रिश्ते सुधरेंगे। पढ़ाई में सफलता मिलेगी लेकिन खर्चे भी बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** : व्यापार में अच्छे रिजल्ट्स मिलेंगे। कला-संगीत में रुचि बढ़ेगी, लेकिन मन किसी अज्ञात डर से परेशान रह सकता है।

**मीन** : आज पूजा-पाठ और अच्छे कामों में मन लगेगा। पढ़ाई या विदेश से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

## ज्योतिष/वास्तु

# अगस्त में सूर्य, बुध और मंगल के गोचर से बनेंगे शुभ योग, इन राशियों को मिलेंगे तरक्की के मौके

अगस्त 2026 का महीना ग्रहों की स्थिति में होने वाले बड़े बदलावों के कारण काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है। इस दौरान कई प्रमुख ग्रह अपनी राशि बदलेंगे, जिसका प्रभाव सभी 12 राशियों के जीवन पर देखने को मिल सकता है। आइए जानते हैं किन राशियों के लिए शुभ रहने वाला है ये माह।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार अगस्त 2026 का महीना ग्रहों की स्थिति में होने वाले बड़े बदलावों के कारण काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है। इस दौरान कई प्रमुख ग्रह अपनी राशि बदलेंगे, जिसका प्रभाव सभी 12 राशियों के जीवन पर देखने को मिल सकता है। ग्रहों के राजा सूर्य, बुद्धि और वाणी के कारक बुध, सुख-सुविधाओं के प्रतिनिधि शुक्र और साहस व ऊर्जा के प्रतीक मंगल अपनी चाल में परिवर्तन करेंगे। वहीं, कई शुभ योगों का निर्माण भी होगा, जो व्यक्ति के करियर, आर्थिक स्थिति, स्वास्थ्य और पारिवारिक जीवन को प्रभावित कर सकते हैं।

अगस्त महीने की शुरूआत से ही ग्रहों की स्थिति में बदलाव का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

**1 अगस्तः** शुक्र ग्रह कन्या राशि में प्रवेश करेंगे। ज्योतिष में कन्या राशि को शुक्र की नीच राशि माना जाता है, इसलिए इस अवधि में रिश्तों और आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लेने की सलाह दी जाती है।

**2 अगस्तः** मंगल मिथुन राशि में गोचर करेंगे। मंगल के इस परिवर्तन से साहस, ऊर्जा और कार्यक्षमता में वृद्धि देखने को मिल सकती है।



**5 अगस्तः** बुध कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। यहां सूर्य और गुरु के साथ बुध की युति बनने से त्रिग्रही योग और बुधादित्य राजयोग का निर्माण होगा, जो कई लोगों के लिए शुभ परिणाम ला सकता है।

**17 अगस्तः** सूर्य अपनी स्वराशि सिंह में प्रवेश करेंगे। सूर्य के इस गोचर से आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और मान-सम्मान में वृद्धि होने के संकेत मिल सकते हैं। इसके अलावा पूरे महीने शनि मीन राशि में वक्री अवस्था में रहेंगे। वहीं राहु कुंभ और केतु सिंह राशि में स्थित रहेंगे। चंद्रमा भी अपनी तेज गति के कारण समय-समय पर शुभ योगों का निर्माण करेंगे।

### अगस्त में इन राशियों को मिल सकता है भाग्य का साथ

**मिथुन राशि–** मिथुन राशि के जातकों के लिए अगस्त का महीना सफलता और नई उपलब्धियों से भरा रह सकता है। इस अवधि में बनने वाले शुभ योगों के प्रभाव से लंबे समय से रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है। आर्थिक मामलों में सुधार आएगा और आय के नए साधन मिल सकते हैं। नौकरी करने वाले लोगों को करियर में आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत की सराहना होगी। परिवार में खुशहाली बनी रहेगी और मानसिक तनाव में कमी आएगी।

**सिंह राशि–** सिंह राशि के जातकों के लिए यह महीना विशेष रहने वाला है, क्योंकि सूर्य इसी राशि में गोचर करेंगे। सूर्य के प्रभाव और बुधादित्य राजयोग के कारण आत्मविश्वास बढ़ेगा और नेतृत्व क्षमता मजबूत होगी। करियर में आपकी प्रतिभा को पहचान मिल सकती है। वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संबंध बेहतर होंगे। हालांकि, बड़े फैसले लेते समय जल्दबाजी से बचना जरूरी रहेगा।

**तुला राशि–** तुला राशि वालों के लिए अगस्त का समय सकारात्मक बदलाव लेकर आ सकता है। भाग्य का सहयोग मिलने से नए अवसर प्राप्त होंगे। पिता, गुरु या अनुभवी लोगों की सलाह आपके लिए लाभकारी साबित हो सकती है। शिक्षा से जुड़े मामलों में सफलता मिलने के योग हैं। विदेश से जुड़े काम, आयात-निर्यात और व्यापार करने वालों को अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। प्रेम और निजी जीवन से जुड़े फैसले भावनाओं में बहकर लेने से बचें।

**मकर राशि–** मकर राशि के लोगों के लिए अगस्त का महीना तरक्की और सम्मान लेकर आ सकता है। गुरु की शुभ स्थिति के कारण कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। अधिकारी और सहकर्मी आपके काम की प्रशंसा करेंगे। आपके आत्मविश्वास और मेहनत के दम पर कई महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे। भाग्य का साथ मिलने से योजनाओं को सफलता मिलने के योग बनेंगे।

#### 190किग्रा उठाकर बनाया गेम्स रिकॉर्ड, लगातार तीसरी बार चैंपियन बनीं, ऋषिकांत और मुथुपांडी को सिल्वर

# चानू ने दिलाया भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स का पहला गोल्ड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ साउथम्पटन

मीराबाई चानू ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत को पहला गोल्ड मेडल दिला दिया है। उन्होंने विमेंस 48 किग्रा वेटलिफ्टिंग कॉम्पटीशन में 190 किग्रॉ (85किग्रा स्नैच + 105किग्रा क्लीन एंड जर्क) वजन उठाकर कॉमनवेल्थ गेम्स रिकॉर्ड बनाते हुए गोल्ड अपने नाम किया।

यह मीराबाई का लगातार तीसरा कॉमनवेल्थ गोल्ड है। इससे पहले उन्होंने 2018 के गोल्ड कोस्ट और 2022 के बर्मिंघम में भी गोल्ड जीता था। भारत के अब 4 मेडल (1 गोल्ड, 2 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज) हो गए हैं। इससे पहले रविवार को ऋषिकांत सिंह ने मेंस 60किग्रा में 264किग्रा (121+143) वजन उठाकर और राजा मुथुपांडी ने मेंस 65 किग्रा में 289किग्रा वजन उठाकर सिल्वर मेडल जीता। वहीं, शुक्रवार को झंडू कुमार ने पैरा पावरलिफ्टिंग में ब्रॉन्ज दिलाकर




भारत को पहला मेडल दिलाया था। भारत अब मेडल टैली में सातवें स्थान पर पहुंच गया है। ऑस्ट्रेलिया 12 गोल्ड सहित 24 मेडल के साथ टॉप पर बना हुआ है।

**चानू ने गेम्स रिकॉर्ड बनाया–** टोक्यो ओलिंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट मीराबाई स्नैच के पहले प्रयास में 82 किग्रा वजन नहीं उठा पाई। इसके बाद उन्होंने दूसरे में 82 और तीसरे में 85किग्रा उठाकर उन्होंने कॉमनवेल्थ रिकॉर्ड बना दिया। इसके बाद क्लीन एंड जर्क में भी पहला प्रयास चूकने के बावजूद दूसरे प्रयास में 105 किग्रा उठाकर गोल्ड अपने नाम किया।

**ऋषिकांत का दूसरा कॉमनवेल्थ गेम्स–** यह ऋषिकांत का दूसरा कॉमनवेल्थ गेम्स है। इससे पहले उन्होंने बर्मिंघम 2022 में 55किग्रा वर्ग में भारत को रिप्रेजेंट किया था। वे मौजूदा कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के चैंपियन भी हैं।

### 2009 में मणिपुर स्पोर्ट्स अकादमी से शुरूआत की थी

मणिपुर वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के सेक्रेटरी और ऋषिकांत सिंह के शुरूआती कोच ब्रोजेंद्रो सिंह ने बताया कि ऋषिकांत ने 2009 में मणिपुर स्पोर्ट्स अकादमी से वेटलिफ्टिंग की शुरूआत की थी। इसके बाद उनका चयन स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सेंटर में हुआ। बाद में वे भारतीय नौसेना से जुड़े और वहां ट्रेनिंग लेने के बाद भारतीय सेना के स्पोर्ट्स सेट-अप का हिस्सा बने। ब्रोजेंद्रो सिंह ने बताया कि ऋषिकांत के परिवार में दो भाई हैं। उनके बड़े भाई भारतीय सेना में हैं। ऋषिकांत मणिपुर के इंफाल वेस्ट के रहने वाले हैं।

### ग्लासगो में वेटलिफ्टंग में 11 कोटा मिला

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत को वेटलिफ्टिंग के लिए 11 कोटा मिला है। डोपिंग रोधी नियमों के कई उल्लंघनों के कारण यह संख्या 16 से घटकर 11 रह गई। वहीं, पीठ की चोट के कारण वेटलिफ्टर दिलबाग सिंह टीम का हिस्सा नहीं बन सके। बर्मिंघम 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स में 10 मेडल मिले थे। बर्मिंघम 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के 15 वेटलिफ्टरों ने हिस्सा लिया था। भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 मेडल जीते थे। इनमें 3 गोल्ड, 3 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज शामिल थे।

## वैभव सूर्यवंशी प्लेयर ऑफ द सीरीज जीतने वाले यंगेस्ट प्लेयर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ हरारे

भारत ने तीसरे टी-20 मैच में जिम्बाब्वे को 35 रन से हराकर सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। सबसे ज्यादा 151 रन बनाने वाले वैभव सूर्यवंशी को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। वे इंटरनेशनल क्रिकेट में यह अवॉर्ड जीतने वाले दुनिया के यंगेस्ट खिलाड़ी बन गए। हरारे में सूर्यवंशी ने 49 गेंद पर 81 रन बनाए। वे प्लेयर ऑफ द मैच भी बने। सूर्यवंशी सबसे कम उम्र में ऐसा करने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा। सूर्यवंशी इस साल टी-20 में भारत के लिए सबसे ज्यादा 86 छक्के लगा चुके हैं। सूर्यवंशी सबसे कम उम्र में प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड जीतने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने 15 साल 121 दिन की उम्र में यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। सूर्यवंशी ने अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान का रिकॉर्ड तोड़ा। मुजीब 16 साल 328 दिन की उम्र में प्लेयर ऑफ द सीरीज बने थे।

#### भारत ने जिम्बाब्वे को 35 रन से हराया

## 3-0 से टी-20 सीरीज जीती वैभव सूर्यवंशी ने 81 रन बनाए



ब्रह्मास्त्र ▸▸ हरारे

भारत ने जिम्बाब्वे को तीसरे टी-20 में 35 रन से हराकर सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली। हरारे में टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 192 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे 7 विकेट पर 157 रन ही बना सकी।

भारत की जीत के हीरो वैभव सूर्यवंशी रहे। उन्होंने 49 गेंदों पर 81 रन की पारी खेली। गेंदबाजी में मयंक यादव ने 3 विकेट लिए। यश ठाकुर को 2 विकेट मिले।

भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही। अभिषेक शर्मा 2 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद वैभव सूर्यवंशी और ईशान किशन (29) ने दूसरे विकेट के लिए 75 रन जोड़कर पारी संभाली। ईशान के आउट होने के बाद वैभव ने कप्तान श्रेयस अय्यर (27) के साथ 50 रन की साझेदारी की।

193 रन का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे ने पहली बॉल पर विकेट गंवा दिया। टीम के लिए रयान बर्ल ने सबसे ज्यादा नाबाद 54 रन बनाए।

## खबर एक नजर...

### सवारी मार्ग से निगम ने जर्जर भवन हटाया



**उज्जैन।** श्रावण-भादौ माह में निकलने वाली भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी को सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा सवारी मार्ग पर स्थित जर्जर भवनों, क्षतिग्रस्त गैलरी एवं छज्जों को हटाने का अभियान लगातार चलाया जा रहा है। जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निगम ऐसे भवनों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में रविवार को ढाबा रोड स्थित कमला परमार के जर्जर एवं गिराऊ भवन को नगर निगम ने हटा दिया। निगम के अनुसार संबंधित भवन स्वामी को पूर्व में नोटिस जारी कर भवन को स्वयं हटाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई नहीं किए जाने पर निगम ने नियमानुसार भवन हटाने की कार्रवाई की। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर की जा रही इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य महाकाल की सवारी के दौरान मार्ग पर आने वाले श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना या अप्रिय घटना की संभावना को रोका जा सके।

### चलती ट्रेन से गिरा यात्री, दोनों पैर कटे, टीटी पर मारपीट का आरोप

**उज्जैन/मक्सी।** शाजापुर जिले के मक्सी के पास पीर उमरोद रेलवे स्टेशन के नजदीक पटना-इंदौर डॉ. अंबेडकर नगर स्पेशल ट्रेन से गिरने पर एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसके दोनों पैर कट गए। घायल ने टीटी पर मारपीट का आरोप लगाया है, जबकि घटना से पहले का विवाद का वीडियो भी सामने आया है। मामले की जांच रेलवे और पुलिस कर रही है। घायल की पहचान अशोकनगर जिले के माधवखेड़ी निवासी राहुल यादव के रूप में हुई है। वह बीना से इंदौर मजदूरी के लिए जा रहा था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वह बिना टिकट एसी कोच में यात्रा कर रहा था, जहां टिकट को लेकर टीटी से विवाद हुआ। वायरल वीडियो में राहुल टीटी पर शर्ट फाड़ने और थप्पड़ मारने का आरोप लगाता दिखाई दे रहा है। वहीं टीटी उसे शांत रहने और सीट पर बैठने की बात कहते हुए शराब के नशे में यात्रियों को परेशान करने का आरोप लगाता सुनाई देता है। राहुल ने बताया कि विवाद के बाद उसके साथ मारपीट हुई। उसने कहा कि टीटी ने धक्का दिया या वह खुद गिरा, उसे याद नहीं है। ट्रेन से गिरने की वास्तविक परिस्थितियों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।हादसे के बाद 108 एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंचने पर रेलवे कर्मचारियों ने एक मालगाड़ी रुकवाकर घायल को मक्सी स्टेशन पहुंचाया। वहां से एंबुलेंस के जरिए सुबह करीब 5:30 बजे शाजापुर जिला अस्पताल ले जाया गया। जिला अस्पताल के डॉक्टर विनोद गुर्जर के अनुसार, ट्रेन की चपेट में आने से युवक के दोनों पैर कट गए। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए उसे इंदौर रेफर किया गया। घटना शनिवार रात करीब 2:40 बजे की बताई गई है। उस समय डॉ. अंबेडकर नगर स्पेशल ट्रेन अपने निर्धारित समय से करीब साढ़े पांच घंटे देरी से चल रही थी। पुलिस और रेलवे संयुक्त रूप से मामले की जांच कर रहे हैं। जांच के बाद ही हादसे के वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेंगे।

### जमीन विवाद में महिलाओं से मारपीट, वीडियो भी सामने आया


**उज्जैन।** उज्जैन जिले की खाचरौद तहसील के भाटखेड़ी गांव में जमीन विवाद को लेकर हिंसा का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि खेत में काम के दौरान महिलाओं के साथ मारपीट की गई। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसे पीड़ितों ने पुलिस को सौंपने का दावा किया है। मामले में ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर निष्पक्ष जांच, आरोपियों की गिरफ्तारी और सुरक्षा की मांग की है। पीड़ित परिवार के अनुसार, घटना 25 जुलाई की दोपहर की है। उनका कहना है कि परिवार के सदस्य अपने खेत में सोयाबीन की फसल की निंदाई कर रहे थे। इसी दौरान करीब 20 से 25 लोग ट्रैक्टर और लाठी-डंडों के साथ खेत पर पहुंचे और कथित रूप से खड़ी फसल पर ट्रैक्टर चलाना शुरू कर दिया।पीड़ित पक्ष का आरोप है कि जब महिलाओं ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। साथ ही खेत खाली करने का दबाव बनाया और जान से मारने तथा जिंदा जलाने की धमकी भी दी। घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में कुछ लोग आपस में धक्का-मुक्की और मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं, जबकि एक युवती खेतों के बीच जान बचाकर भागती नजर आती है। पीड़ित पक्ष का दावा है कि यह वीडियो घटना के दौरान का है और इसे पुलिस को उपलब्ध करा दिया गया है। हालांकि, वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। घटना के बाद राजूबाई, शांतिबाई सहित अन्य महिलाएं और ग्रामीण उज्जैन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने लिखित शिकायत देकर मामले की निष्पक्ष जांच, आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

| | | |
|---|---|---|
| 2 | 4 | 9 |

---

**दैनिक अवंतिका के पितृपुरूष व समाजसेवी पं. गोवर्धनलालजी मेहता के 111वें पुण्यस्मरण के अवसर पर**

# दासाब को श्रद्धासुमन अर्पित कर उत्साह के साथ किया रक्तदान





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दैनिक अवंतिका के पितृपुरूष व समाजसेवी पं. गोवर्धनलालजी मेहता दासाब के 111वें पुण्यस्मरण के अवसर पर परिवारजनों ने उन्हें स्मरण करते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन नानाखेड़ा कास्मिक मॉल पर किया। इस रक्तदान शिविर मे सहयोगी रहे वेस्टर्न मजदूर संघ, उज्जयिनी रक्तदान संस्था व जिला चिकित्सालय की रक्त यूनिट। कार्यक्रम का शुभारंभ आदरणीय दा साब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए किया गया। इस अवसर पर समाजशास्त्री डॉ. शैलेन्द्र पाराशर ने कहा कि पं गोवर्धनलालजी मेहता के जनकल्याण के महायज्ञ को उनके परिजन सतत प्रज्जवलित किए हुए हैं। समय सभय पर उनको याद करते हुए विभिन्न चिकित्सा शिविर, नेत्र परीक्षण शिविर आदि शहर में आयोजित किए जाते रहे हैं। इस वर्ष रक्तदान शिविर आयोजित कर समाजसेवा मे नया अध्याय जोडा गया है जो सराहनीय है। इस अवसर पर पं शैलेन्द्र व्यास स्वामी मुस्कुराके ने कहा कि संस्कार से समाज सुशोभित होता है। दासाब के दिए सुसंस्कार आज उनकी तीसरी पीढ़ी आत्मसात करते हुए समाज को अपने कार्यों से महका रही है ये शिविर उसका प्रमाण है। अपने उद्बोधन में दैनिक अवंतिका के संपादक संदीप मेहता ने कहा कि समय पर जरूरतमंद व्यक्ति को रक्त मिल सके उसके लिए रक्तदान बहुत आवश्यक है। रक्तदान करने से तीन लोगों को रक्त पहुंचाकर हम जीवन दान दे सकते हैं। अतिथियों का स्वागत दैनिक अवंतिका के प्रधान संपादक पं. सुरेन्द्र मेहता सुमन ने पुष्पगुच्छ से किया। कॉसमास मॉल मे शहर के युवाओं ने बढ़चढ़कर रक्तदान किया और नैतिक जिम्मेदारी निभाई। रक्तदान करनेवाले लोगों को पुष्पगुच्छ व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस शिविर के माध्यम से लगभग 25 लोगों ने रक्त दान किया। संग्रहित रक्त जिला चिकित्सालय को ससम्मान दिया गया जो थैलेसेमिया पीड़ित व जरूरत मंद मरीजों को उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में वेस्टर्न मजदूर संघ के अभिलाष नागर, सप्त मेहता, चैतन्य चौधरी, अनिल देवडा, नरेन्द्र सहगल व उज्जयिनी रक्त संचार संस्था से सुनील गुप्ता, रूपेश बीडवान, अलका शर्मा, आमिर खान, राहुल शुक्ल, संजय राजपूत, रजत अग्रवाल, हेमलता पाल व अपेक्स बैंक के ठक्कर व जिला चिकित्सालय की डॉ. संगीता गुप्ता, टेक्नीशियन मिनाक्षी निमजे, प्राची खरे उपस्थित थे।

**रक्तदान से बढकरकोई पुण्य कार्य नही**

---

**खाचरोद पुलिस ने किया सनसनीखेज चोरी का खुलासा**

# 33 लाख के सोने-चांदी के आभूषण बरामद मास्टरमाइंड सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

खाचरोद पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। करीब एक माह पहले सूने मकान में हुई लाखों रुपये की सनसनीखेज चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने गिरोह के मास्टरमाइंड सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर करीब 33 लाख मूल्य के चोरी गए सोने-चांदी के आभूषण भी बरामद किए गए हैं। पुलिस अब आरोपियों से अन्य वारदातों और शेष चोरी के माल के संबंध में पूछताछ कर रही है।

**त्योहार मनाने मुंबई गया था परिवार, उनके सूने मकान को बनाया था निशाना**

परिवार के सभी सदस्य त्योहार मनाने मुंबई गये हुए थे। इसी दौरान 18-19 जून 2026 की दरमियानी रात अज्ञात बदमाशों ने उनके सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। चोरी की जानकारी लगने के बाद परिवार के लोगों ने लौटने पर थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी शिकायत के आधार पर थाना खाचरोद में अपराध क्रमांक 268/2026 के तहत धारा 305 एवं 331(4) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) करणदीप सिंह के मार्गदर्शन, एसडीओपी खाचरोद आकांक्षा बेछोटे के निर्देशन और थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने कस्बे और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से संदिग्धों की पहचान की। जांच के बाद रिफत, शेर खान और फिरोज उर्फ विस्सू को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने रेकी कर सुनियोजित तरीके से चोरी करना कबूल कर लिया।



**आरोपियों की निशानदेही पर बरामद हुए आभूषण**

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर करीब 33 लाख मूल्य के चोरी गए सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। आरोपियों का पुलिस रिमांड लेकर अन्य वारदातों और शेष चोरी के माल के संबंध में पूछताछ जारी है।

- **गिरफ्तार आरोपी-** रिफत पिता रसीद (25 वर्ष), निवासी जुना शहर, खाचरोद। शेर पिता कय्यूम (24 वर्ष), निवासी जुना शहर, खाचरोद। फिरोज उर्फ विस्सू पिता फरीद (22 वर्ष), निवासी भोपा कॉलोनी, खाचरोद।
- **इनकी रही अहम भूमिका-** इस कार्रवाई में थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया, साइबर सेल उप निरीक्षक प्रतीक यादव, प्रधान आरक्षक राजपाल सिंह, सुनील सिंह, सोमसिंह भदौरिया, यशपाल सिंह, मनीष, मुकेश, महेंद्र तथा आरक्षक जितेंद्र सेंगर, प्रवीण कुशवाह, मनीष कुमार, ईश्वर परिहार, योगेंद्र, संजय राणा और नारायण की सराहनीय भूमिका रही।

---

**उज्जैन-गरोठ फोरलेन पर भीषण सड़क हादसा**

# दंपती की मौत, बच्चे और महिला सहित पांच घायल



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रविवार को उज्जैन-गरोठ फोरलेन पर बड़ोद के समीप ग्राम साबनी के पास एक ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में कार सवार एक बुजुर्ग दंपति की मौत हो गई । जबकि 5 अन्य घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस और हाईवे एंबुलेंस मौके पर पहुंची तथा सभी घायलों को बड़ोद के शासकीय अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार रविवार को आगर मालवा से निकले उज्जैन गरोठ फोरलेन पर बडोद के समीप ग्राम साबनी के पास एक कार होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में कार में सवार जगदीश राठौर (60 वर्ष), निवासी कायथा गंभीर रूप से घायल हो गया जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उनकी पत्नी मनोरमा राठौर की हालत गंभीर होने पर उन्हें उज्जैन रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी भी मृत्यु हो गई। हादसे में घायल दीपक पिता राधेश्याम राठौर उम्र 48 वर्ष व ललिता बाई उम्र 38 वर्ष, प्रज्ञा उम्र 32 वर्ष, व दो बच्चे का अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हुई, हालांकि दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। इस हादसे के बाद उज्जैन-गरोठ फोरलेन की सुरक्षा और निर्माण गुणवत्ता को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर पूर्व में भी कई गंभीर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।

---

# करंट की चपेट में आने से गाय की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के आगर रोड स्थित नक्षत्र गार्डन के पास रविवार सुबह सीवरेज निर्माण कार्य में कथित लापरवाही के कारण एक गाय की करंट लगने से मौत हो गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद ठेकेदार के कर्मचारियों ने बिजली वितरण ट्रांसफार्मर (डीपी) से लिए गए विद्युत तार नहीं हटाए, जिससे निर्माण स्थल और आसपास के हिस्से में करंट फैल गया। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह नक्षत्र गार्डन के पास सीवरेज लाइन का कार्य चल रहा था। आरोप है कि कार्य के दौरान डीपी से बिजली लेकर मशीनें संचालित की गईं, लेकिन काम समाप्त होने के बाद बिजली के तार हटाए नहीं गए। बारिश और गीली सड़क के कारण निर्माण स्थल पर करंट फैल गया। इसी दौरान वहां से गुजर रही एक गाय करंट की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के रहवासी मौके पर एकत्रित हो गए। लोगों ने चिमनगंज मंडी थाना पुलिस एवं नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा को घटना की सूचना देकर लापरवाह ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह मार्ग क्षेत्र की कई कॉलोनियों को जोड़ने वाला प्रमुख रास्ता है।

---

# काल भैरव मंदिर में दान किए 10 लाख के बैरिकेड्स

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सावन मास में भगवान काल भैरव मंदिर में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए दर्शन व्यवस्था को अधिक सुरक्षित और सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। मुंबई निवासी श्रद्धालु मनीष पांचाल एवं समीर पांचाल ने मंदिर समिति को 10 लाख रुपए की लागत से तैयार कराए गए बैरिकेड्स दान किए हैं। विशेष बात यह रही कि दोनों श्रद्धालुओं ने नकद राशि देने के बजाय सीधे बैरिकेड्स बनवाकर मंदिर समिति को समर्पित किए, जिससे श्रद्धालुओं की कतार व्यवस्था और सुरक्षा को मजबूती मिलेगी।

बैरिकेड्स मंदिर समिति को सौंपने की प्रक्रिया एसडीएम एल.एन. गर्ग, पटवारी महेश देपन, मंदिर प्रबंधक संध्या मारकंडे तथा व्यवस्थापक अनिल बोरासी की मौजूदगी में संपन्न हुई। इसी दौरान एसडीएम एल.एन. गर्ग ने काल भैरव मंदिर परिसर का औचक निरीक्षण कर सावन मास की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सफाई व्यवस्था का मौके पर निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को मंदिर परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल एवं बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने, तथा मंदिर परिसर एवं आसपास के अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिए।

---

# महाकाल मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को दिलाई नशामुक्ति की शपथ

**महाकाल थाना पुलिस ने जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर नशे के दुष्प्रभाव बताए, समाज को नशामुक्त बनाने का किया आह्वान**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशन में संचालित राज्यव्यापी जन-जागरूकता अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 के तहत रविवार को थाना महाकाल पुलिस ने श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर स्थित भारत माता मंदिर प्रांगण में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य देशभर से दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में नगर पुलिस अधीक्षक (कोतवाली) दीपक मरावी, थाना प्रभारी महाकाल निरीक्षक गगन बादल, उप निरीक्षक जितेंद्र झाला, उप निरीक्षक चंद्रभान सिंह चौहान सहित थाना महाकाल का पुलिस बल उपस्थित रहा। अभियान में माधव सेवा न्यास के पदाधिकारियों ने भी सहभागिता निभाई। नगर पुलिस अधीक्षक दीपक मरावी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विभिन्न प्रकार के मादक एवं नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक दुष्परिणामों की जानकारी दी। उन्होंने लोगों से स्वयं नशे से दूर रहने के साथ अपने परिवार और समाज को भी नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।



थाना प्रभारी निरीक्षक गगन बादल ने नशे के विरुद्ध पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान, अवैध मादक पदार्थों के कारोबार की सूचना पुलिस तक सुरक्षित तरीके से पहुंचाने के माध्यम तथा युवाओं को नशे से बचाने में समाज की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशे से जुड़ी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को जीवन में किसी भी प्रकार का नशा नहीं करने तथा दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से पुलिस अधिकारियों एवं श्रद्धालुओं ने नशे से दूरी है जरूरी 2.0 संदेश के साथ सामूहिक सेल्फी भी ली। उज्जैन पुलिस ने आमजन से अपील की है कि नशामुक्त, सुरक्षित और स्वस्थ समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए नशे से संबंधित किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को उपलब्ध कराएं। पुलिस का कहना है कि समाज और पुलिस के संयुक्त प्रयासों से ही नशामुक्त वातावरण का निर्माण संभव है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com